डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




वर्ष -09 अंक -131 | प्रयागराज ,सोमवार,31,जुलाई, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## ब्रीफ न्यूज

### मणिपुर वायरल वीडियो की सीबीआई करेगी जांच, गृह मंत्रालय का फैसला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर वायरल वीडियो की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (ण्ँघ्) को सौंपेगा।साथ ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट (एल्जिस ण्दूिू) में हलफनामा देकर मणिपुर वायरल वीडियो की जांच राज्य से बाहर कराने का निवेदन करेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर वायरल वीडियो की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपेगा। साथ ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मणिपुर वायरल



वीडियो की जांच राज्य से बाहर कराने का निवेदन करेगी। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिस मोबाइल से वायरल वीडियो को रिकॉर्ड किया गया था उसको बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले व्यक्ति की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिस मोबाइल से वायरल वीडियो को रिकॉर्ड किया गया था उसको बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले व्यक्ति की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन सामान्य नहीं है। लगभग 35,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। मणिपुर में दवा और दैनिक आपूर्ति वाले सामानों की कोई कमी नहीं है आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खाद्य और आवश्यक आपूर्ति की कीमतें नियंत्रण में हैं। बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी काम पर लौट रहे हैं और स्कूल भी फिर से शुरू हो रहे हैं अबतक सात लोगों की हुई गिरफ्तारी उल्लेखनीय है कि महिलाओं की नग्न परेड कराने की घटना चार मई को कांगपोकपी जिले में हुई थी। हजारों लोगों की हथियारबंद भीड़ ने एक गांव पर हमला किया और मकानों को लूटा और उनमें आग लगाई। इसके बाद दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया। बाद में उनसे सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया। विरोध करने पर उनके दो पुरुष परिजनों की हत्या भी कर दी गई थी।

## यूपी में 557 करोड़ रुपए की जीएसटी धोखाधड़ी का हुआ खुलासा, 3 प्रमुख संचालक गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**जीएसटी अधिकारियों ने फर्जी तरीके से 557 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (घ्ऊए) पास करने में शामिल 246 फर्जी संस्थाओं से जुड़े दो फर्जी बिलिंग रैकेट का खुलासा किया है और तीन प्रमुख संचालकों को गिरफ्तार किया है। दोनों मास्टरमाइंडों के जब्त किए गए लैपटॉप और मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच से बही खाता, चालान, ई-वे बिल आदि की भी प्राप्ति हुई है। इसके अलावा, फर्जी जीएसटी बिल और अवैध नकदी प्रवाह के लेन देन का सबूत देने वाले व्हाट्सएप चैट व वॉयस मैसेज भी मिले हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि उएऊअधिकारियों की प्रारंभिक जांच में फर्जी फर्मों के नाम पर बैंक खाते खोलने में बैंक अधिकारियों के शामिल होने का भी संकेत मिला है। वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (उव्घ्) की मेरठ जोनल यूनिट ने 246 शेल अथवा फर्जी संस्थाओं से जुड़े दो प्रमुख फर्जी बिलिंग रैकेट का खुलासा किया, जिन्होंने 557 करोड़ रुपये की फर्जी घ्ऊए जारी की है। इसमें कहा गया है




कि एक रैकेट का जून, 2023 में नोएडा पुलिस द्वारा खुलासा की गई फर्जी कंपनियों के साथ घनिष्ठ संबंध था। वित्त मंत्रालय के अनुसार, फर्जी शेल इकाइयां बनाने और संचालित करने में शामिल मास्टरमाइंड आनंद कुमार और अजय कुमार द्वारा संचालित दो सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया गया है। दोनों मास्टरमाइंडों के दिल्ली के अध्यापक नगर और पश्चिमपुरी स्थित गुप्त कार्यालयों से फर्जी फर्मों से संबंधित कई दस्तावेज जैसे जाली स्टांप, डेबिट व क्रेडिट कार्ड, चेक बुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, 'यह इन मास्टरमाइंडों की दलालों/एजेंटों के साथ घनिष्ठ सांठगांठ को इंगित करता है जो मामूली मौद्रिक लाभ के बदले गरीब, जरूरतमंद और अतिसंवेदनशील लोगों की आईडी हासिल करने में माहिर हैं। दोनों मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है।ठ इन दोनों सिंडिकेट ने 246 फर्जी फर्मों के माध्यम से 1,500 से अधिक लाभार्थी फर्मों को 3,142 करोड़ रुपये के कर योग्य टर्नओवर वाले चालान जारी किए हैं, जिसमें 557 करोड़ रुपये की आईटीसी शामिल है।मंत्रालय ने कहा, 'प्रमुख लाभार्थी कंपनियां दिल्ली में स्थित हैं और अन्य 26 अन्य राज्यों में फैली हुई हैं। ऐसी ही एक लाभार्थी फर्म के मालिक विक्रम जैन को भी जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया है।तीनों आरोपियों को 26 जुलाई को आर्थिक अपराध न्यायालय, मेरठ के समक्ष पेश किया गया और उन्हें 8 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र में फंसे जहाज से आठ विज्ञानियों सहित 36 लोगों को बचाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**पणजी।** भारतीय तटरक्षक (आइसीजी) ने समुद्र में फंसे अनुसंधान जहाज से गुरुवार को आठ वरिष्ठ विज्ञानियों सहित 36 लोगों को बचा लिया। इंजन खराब



होने के कारण जहाज कर्नाटक के कारवार तट के पास फंसा था। यह जहाज सीएसआइआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (एनआइओ) का है। आइसीजी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा आरवी सिंधु साधना नाम के जहाज का इंजन खराब हो गया था। जब यह जानकारी मिली तो जहाज तट से लगभग 20 समुद्री मील दूर था। स्थिति गंभीर थी क्योंकि इस अत्याधुनिक अनुसंधान जहाज में आठ वरिष्ठ विज्ञानी सहित 36 लोग और विज्ञान से संबंधित उपकरण थे। आरवी सिंधु साधना को खींचकर लगभग 70 समुद्री मील दूर गोवा लाया गया। आइसीजी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आरवी सिंधु साधना नाम के जहाज का इंजन खराब हो गया था। जब यह जानकारी मिली तो जहाज तट से लगभग 20 समुद्री मील दूर था। स्थिति गंभीर थी क्योंकि इस अत्याधुनिक अनुसंधान जहाज में आठ वरिष्ठ विज्ञानी सहित 36 लोग और विज्ञान से संबंधित उपकरण थे। इसके साथ ही अनुसंधान का डाटा भी था। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील कारवार तट से जहाज की निकटता के कारण जहाज के बंद होने का खतरा पैदा हो गया था, जिसके परिणामस्वरूप बड़ा तेल रिसाव हो सकता था और विनाशकारी प्रदूषण हो सकता था। अधिकारी ने कहा, संकट की सूचना मिलने पर आइसीजी ने बचाव अभियान के तहत विशेष टीम के साथ अपने जहाज को क्षेत्र में भेजा। खराब मौसम के बावजूद आरवी सिंधु साधना को खींचकर लगभग 70 समुद्री मील दूर गोवा लाया गया। सभी 36 लोग सुरक्षित हैं।

## राष्ट्रीय हित के मुद्दों को सुनने के लिए तैयार नहीं

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने राज्यसभा में उनके बयान के दौरान विपक्ष के हंगामे पर नए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह ''इंडिया' होने का दावा करते



हैं। मगर यह भारत के राष्ट्रीय हित के मुद्दों को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं तो किस तरह का ''इंडिया' ये है? उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर राजनीति को अलग रखना चाहिए। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने दुनिया में भारत के बढ़ते कद पर कहा कि देश वैश्विक रूप से उभर रहा है और दुनिया मानती है कि भारत जो कहता है वह सिर्फ उसके लिए नहीं बल्कि औरों के लिए भी होता है। भारत सभी के लिए शांति, सुरक्षा और समृद्धि की आवाज है। राज्यसभा में पिछले कुछ महीनों में भारत की विदेश नीति की उपलब्धियों पर विदेश मंत्री जयशंकर के बयान के दौरान विपक्षी हंगामे और नारेबाजी से वह खासे नाराज हो गए। जयशंकर ने कहा कि उन्हें इस बात का बुरा लग रहा है कि विपक्ष कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। विपक्ष का बस यही मकसद रह गया है कि भारत की किसी भी प्रगति की आलोचना करे और उसका संदेश देश तक पहुंचने से रोके। जयशंकर ने कहा कि हम सदन को बताना चाहते थे कि पिछले महीने में क्या घटनाक्रम है। आपने अमेरिका में प्रधानमंत्री का सफल दौरा देखा। लेकिन यह देखकर बुरा लगता है कि विपक्ष कुछ सुनना ही नहीं चाहता है। विपक्ष को देखकर ऐसा लगता है कि वह देश की हर उपलब्धि की आलोचना करना चाहते हैं। जयशंकर ने मणिपुर पर विपक्ष के हंगामे के बीच कहा कि यह भारत की विदेश नीति है और किसी पार्टी की विदेश नीति नहीं है। इसलिए हम जब भी सदन में भारत की विदेश नीति की उपलब्धियों को बताना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। जबकि विदेश नीति एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें सबको मिलकर काम करना चाहिए। जयशंकर ने विपक्ष को नसीहत दी कि राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर मतभेदों को अलग रख देना चाहिए। जहां देश को फायदा हो रहा है, उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

## 'अविश्वास प्रस्ताव लाने से कोई उद्देश्य नहीं होगा पूरा'

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में मणिपुर मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हो रहा है। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को विपक्षी दलों पर जोरदार भी दिखाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस नेता गौरव गोगोई द्वारा बुधवार को मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। बता दें कि संसद के दोनों सदनों में हंगामे के कारण सदन



हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने और काले कपड़े पहन लेने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी को प्रधानमंत्री चुना गया तो जनता ने पीएम पर भरोसा दिखाया। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता की बात है तो जनता ने 2014 और 2019 में दिखा दिया और अब 2024 में की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित हो गई। राज्यसभा में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए देखे गए। गौरतलब है कि मणिपुर मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए विपक्षी नेता काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे। वे मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही मणिपुर की स्थिति पर प्रधानमंत्री मोदी से बयान की मांग कर रहे हैं।

## अमेरिका के लॉस एंजिल्स और बोस्टन शहर के लिए जल्द शुरू होगी उड़ान, एयर इंडिया ने की घोषणा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया लॉस एंजिल्स सहित कई अमेरिकी शहरों के लिए उड़ानें




संचालित करने की योजना बना रही है। वर्तमान में, एयरलाइन पांच अमेरिकी शहरों- वाशिंगटन, डीसी, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें संचालित करती है एयर इंडिया लॉस एंजिल्स सहित कई अमेरिकी शहरों के लिए उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। वर्तमान में एयरलाइन वाशिंगटन डीसी न्यूयॉर्क न्यू जर्सी शिकागो और सैन फ्रांसिस्को के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें संचालित करती है। बता दें कि अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक या भारतीय मूल के लोग रहते हैं। एयर इंडिया का पिछले साल जनवरी में टाटा समूह ने अधिग्रहण किया था। लॉस एंजिल्स और बोस्टन उन शहरों में से हैं, जिनका भारत से लंबी दूरी की उड़ानों के लिए संभावित नए गंतव्यों के रूप में मूल्यांकन किया जा रहा है। फिलहाल एयर इंडिया की यूनाइटेड एयरलाइंस के साथ कोड शेयर पार्टनरशिप है विमानन उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार, एक नई फ्लाइट शुरू करने के लिए बेड़े के आकार, पायलट की ताकत और मार्ग पर यातायात की मात्रा सहित कई कारकों की जांच करनी पड़ती है। वर्तमान पायलट ताकत, नए गंतव्य पर हवाई अड्डे पर तैनात किए जाने वाले केबिन क्रू और ग्राउंड स्टाफ का प्रशिक्षण उन कारकों में से हैं, जिन पर विचार करने की आवश्यकता है। बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक या भारतीय मूल के लोग अमेरिका में रह रहे हैं या काम कर रहे हैं, जिनमें विभिन्न अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल हैं। अमेरिका कई भारतीयों के लिए एक पर्यटन स्थल भी है। एयर इंडिया का पिछले साल जनवरी में टाटा समूह ने अधिग्रहण कर लिया था किसी एयरलाइन द्वारा सबसे बड़े विमान ऑर्डरों में से एक में, एयर इंडिया ने इस साल फरवरी में घोषणा की थी कि वह एयरबस और बोइंग से 470 नैरो-बॉडी और वाइड-बॉडी विमान खरीदेगी, जिसका कुल सौदा मूल्य 80 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है एयर इंडिया अलग-अलग सौदों के तहत यूरोपीय विमानन प्रमुख एयरबस से 40 वाइड-बॉडी ए350 विमानों सहित 250 विमान और अमेरिकी विमान निर्माता बोइंग से 220 विमान खरीदेगी।

## जी20 समिट के दौरान पीएम मोदी और चिनफिंग ने द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता की बताई थी जरूरत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बाली में करीब आठ महीने पहले हुई वार्ता का चीन द्वारा उल्लेख करने



पर गुरुवार को विदेश मंत्रालय का बयान आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इंडोनेशिया में जी 20 समिट के दौरान दोनों नेताओं ने औपचारिक मुलाकात के समय द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता की आवश्यकता जताई थी।दोनों नेताओं में यह बातचीत नवंबर 2022 में समिट के दौरान रात्रिभोज में हुई थी। इस बयान से दो दिन पहले चीन के विदेश मंत्रालय ने मोदी और चिनफिंग के बीच हुई वार्ता का उल्लेख किया था। चीन ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और शीर्ष चीनी राजनयिक वांग ई के बीच जोहानिसबर्ग में हुई मुलाकात के परिप्रेक्ष्य में शीर्ष नेताओं नेताओं की वार्ता का उल्लेख किया था चीन के बयान में कहा गया था कि मोदी और चिनफिंग की वार्ता में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता लाने पर महत्वपूर्ण सहमति बनी थी। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जी 20 समिट में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित रात्रिभोज में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति चिनफिंग के बीच औपचारिक मुलाकात हुई थी और उसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता की आवश्यकता जताई गई थी बागची ने कहा, भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध की स्थिति खत्म करना चाहता हैं। हम एलएसी पर शांति और स्थिरता चाहते हैं।

## दवा प्रतिरोधी गंभीर बैक्टीरिया संक्रमण पर वार करेगा नया कंपाउंड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** मल्टी ड्रग रजिस्टेंस बैक्टीरिया के कारण हो रहे गंभीर संक्रमण के उपचार के लिए शोधकर्ता एक प्रभावी एंटीबायोटिक कंपाउंड तैयार कर रहे हैं। कुछ खतरनाक पैथोजेन में एंटीमाइक्रोबियल रजिस्टेंस (ैंशें) में वृद्धि के कारण हो रहे संक्रमणों के उपचार में यह प्रभावी हो सकता है। बीडब्ल्यूसी0977 नामक कंपाउंड से गंभीर मरीजों के उपचार की आस बढ़ी है। इसे तैयार करने के लिए ग्लोबल एंटीबायोटिक रिसर्च एवं डेवलपमेंट पार्टनरशिप (जीएआरडीपी) ने बेंगलुरु स्थित बगवर्क रिसर्च इंक (बगवर्क्स) से हाथ मिलाया है। बगवर्क्स शोध-अनुसंधान की सुविधाओं से लैस क्लीनिकल स्तर की बायोफार्मास्युटिकल कंपनी है। शोधकर्ताओं के अनुसार खतरनाक ग्राम-निगेटिव बैक्टीरिया के कारण होने वाले संक्रमण का उपचार दुरूह साबित हो रहा है। इन बैक्टीरिया में एंटीबायोटिक उपचार के लिए उच्च प्रतिरोधक क्षमता होती है। जिससे इन पर उपचार की तमाम विधियां निष्प्रभावी साबित हो रही हैं। ऐसे बैक्टीरिया से निपटने में सक्षम कंपाउंड से तैयार दवा से पूरे विश्व में स्वास्थ्य क्षेत्र को लाभ होगा, लेकिन यह उन देशों के लिए विशेष लाभकारी होगा जहां एएमआर का अधिक दुष्प्रभाव है। इन खतरनाक बैक्टीरिया से



अस्पतालों में होने वाले संक्रमण के अलावा निमोनिया, रक्त संबंधी संक्रमण, दिमागी बुखार और मूत्र नली संबंधी संक्रमण हो सकते हैं। त्वरित उपचार न मिलने पर अस्पताल में बैक्टीरिया से होने वाले गंभीर संक्रमण से सेप्सिस व मौत का खतरा भी होता है। बगवर्क्स करेगी लॉंच बगवर्क्स इस दवा को यूरोपीय संघ, अमेरिका, जापान और चीन में सीधे या अन्य कंपनियों के साथ लांच करेगी जबकि जीएआरडीपी के पास 148 देशों में इसके निर्माण व व्यावसायिक अधिकार रहेगा। स्वीकृति मिलने के बाद दोनों कंपनियां भारत और दक्षिण अफ्रीका समेत एएमआर के दुष्प्रभाव से जूझ रहे देशों में बीडब्ल्यूसी0977 कंपाउंड की पहुंच और सही उपयोग को सुनिश्चित करेंगी। बगवर्क्स के सह संस्थापक और सीईओ आनंद आनंदकुमार ने कहा कि हम बीडब्ल्यूसी0977 के विकास और दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के संक्रमण के उपचार के लिए अत्यधिक प्रभावी दवा बनाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। चार वर्ष से हो रहा शोध जीएआरडीपी के कार्यकारी निदेशक मानिका बालासेग्राम ने कहा कि वर्ष 2019 से हम यह शोध कर रहे हैं। हमारा ध्यान ऐसे जानलेवा बैक्टीरिया पर है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की पैथोजेन की प्राथमिकता सूची में हैं। हम इसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। जीएआरडीपी नए कंपाउंड के विकास के लिए बगवर्क्स को दो करोड़ डालर की आर्थिक सहायता के साथ अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराएगी। दोनों मिलकर बीडब्ल्यूसी0977 के शोध में दूसरे व तीसरे चरण के अध्ययन के साथ दवा बनाने पर काम करेंगे। बीडब्ल्यूसी0977 का प्रथम चरण का परीक्षण आस्ट्रेलिया में हो रहा है।

## जेल नहीं, अब जुर्माना देकर बच सकेंगे कारोबारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** लोकसभा ने गुरुवार को 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023' को मंजूरी दे दी। इसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों के



183 प्रविधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। निचले सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही लोकसभा ने 76 पुराने और अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने के लिए 'निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022' को भी मंजूरी दे दी। सरकार ने कहा कि यह कदम जीवन और व्यापार करने में आसानी के लिए उसके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।जन विश्वास विधेयक पेश करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई प्रविधानों को अपराधमुक्त करने से कारोबार में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि जन विश्वास विधेयक पारित होने से कई प्रविधानों में अब जेल की सजा नहीं होगी और कारोबारी जुर्माना देकर बच सकेंगे। कई मामलों में जुर्माना लगाने के लिए अदालती कार्यवाही की जरूरत नहीं होगी। कई बार छोटी-मोटी गलती के कारण कारोबारियों को अदालतों का चक्कर लगाना पड़ता था। बड़ी संख्या में छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध के दायरे से बाहर करने से व्यापार करना आसान होगा।मोदी सरकार में 40,000 प्रविधानों और प्रक्रियाओं को बनाया गया सरलःपीयूष गोयल पीयूष गोयल ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लगभग 40,000 प्रविधानों और प्रक्रियाओं को या तो सरल बना दिया गया या हटा दिया गया, जिनसे लोगों के लिए समस्याएं पैदा होने की आशंका थी। निरसन एवं संशोधन विधेयक पेश करते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पुराने कानूनों को निरस्त करना सरकार के उन प्रयासों का हिस्सा है, जिसके तहत जीवन के साथ-साथ व्यापार करने में लोगों को आसानी होगी।

## पीआइबा एफसीयू ने फर्जी खबरों के 1,276 मामलों का लगाया पता

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआइबी) की तथ्य जांच इकाई को ब्लाक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार ने देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ फर्जी समाचार और कंटेंट प्रसारित करने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी पहलों और अभियानों का प्रचार प्रसार करने के लिए चार मार्केटिंग एजेंसियों को




(एफसीयू) ने फर्जी खबरों के 1,276 मामलों का पता लगाया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने राज्यसभा में प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 2019 में एफसीयू ने फर्जी खबरों के 19 मामलों का भंडाफोड़ किया। इसके बाद 2020 में 394, 2021 में 285, 2022 में 338 और 17 जुलाई 2023 तक 240 फर्जी खबरों का पता लगाया गया। अन्य प्रश्न के उत्तर में अनुराग ने कहा कि दिसंबर 2021 से 120 यूट्यूब-समाचार चैनलों सहित 635 यूआरएल के कारण यह कार्रवाई की है। अन्य प्रश्न के उत्तर में अनुराग ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफार्मों के विज्ञापनों को प्रकाशित या प्रसरित करने से बचने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और इंटरनेट मीडिया को 13 जून 2022, 03 अक्टूबर 2022 और छह अप्रैल 2023 को एडवाइजरी जारी की थी। जब भी इस संबंध में कोई उल्लंघन की जानकारी मंत्रालय के संज्ञान में आता है तो सरकार उचित कार्रवाई करती है। अनुराग ने सूचीबद्ध किया है। केंद्र सरकार के नागरिक सहभागिता मंच माइगोव के माध्यम से इन कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया। सरकार ने 2018-19 से प्रचार पर 3,100 करोड़ रुपये से अधिक किए खर्चएक अन्य प्रश्न के उत्तर में अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने 2018-19 से प्रचार पर कुल 3,100.42 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। 2022-23 में केंद्रीय संचार ब्यूरो के माध्यम से योजनाओं के प्रचार पर 408.46 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

# प्रयागराज माहे मोहर्रम की दसवीं को देश कर्बला के 72 शहादतो का गमे हुसैन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज** ।रहे है पहले बुड्ढा ताजिया उठाया गया हुसैन के शेदाईयो ने बुड्ढा ताजिया को कंधे पर लेकर गस्त कराने



लगे या अली या हुसैन सदाएं बुलंद होने लगी पूरे रास्ते लंगर पानी और शरबत पिलाया जा रहा था बुड्ढा ताजिया नुरुल्लाह रोड खुल्दाबाद हिम्मतगंज होता हुआ लगभग शाम के आसपास कर्बला पहुंचा बड़े ताजिए पर अकीदत मंद लोगों ने मन्नते मांगी फूल चढ़ाएं और लंगर करते रहे बाद नमाज जोहर, बड़ा ताजिया जोरदार नारे लगाए गए नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर ऐसा लग रहा था जमीन और आसमान दोनों अल्लाह हो अकबर से गूंज रहा है बड़ा ताजिया उठाया जाता है अकीदत मंद अपने कंधों पर ताजिया लेकर निकल पड़ते हैं ताजिया उठते ही ताजिए के रास्ते में एक सैलाब उमड़ पड़ता है पूरे रास्ते या अली या हुसैन की सदाएं बुलंद होती रही घर के छत पर औरतें और बच्चे ताजिया का दीदार के लिए इंतजार करते रहे हजारों शहादतो के बाद दीन ए इस्लाम की नींव रखी गई पूरी दुनिया में दीन ए इस्लाम का परचम लहरा रहा है बड़ा ताजिया जॉनसन गंज चौक घंटाघर कोतवाली सेवई मंडी खलीफा मंडी , नखास कोना पर, हुसैनी सैलाब को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे पूरा शहर यहां पर उमड़ पड़ा हो हर कोई बड़े ताजिया का दीदार करना चाहता था अकीदत के फूल और अपने बच्चों को बोसा कराना चाहा रहा था हर तरफ सर ही सर दिखाई दे रहा था या अली या हुसैन के सदाएं लग रही थी पूरा एरिया हुसैनी हो चुका था सभी धर्म के लोग ताजिया में शामिल हुए धीरे-धीरे बड़ा ताजिया खुल्दाबाद हिम्मतगंज होते हुए कर्बला की तरफ रवां दवा था बड़ा ताजिया कर्बला पहुंचकर अकीदत के फूल को दफनाया गया हुसैन के सौदाई नम आंखों के साथ अपने घर की तरफ लौटने लगे दीन ए इस्लाम जिंदाबाद हुसैन जिंदाबादत् पुलिस प्रशासन प्रशासन समाजसेवी, पत्रकार के नेतृत्व में आकर्षित था।

# ताजियादारों के दो गुटों में जमकर मारपीट, छत से पथराव में कई सिपाही घायल, पांच गिरफ्तार


(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज** । में चौक पर ताजिया आने के बाद रात करीब डेढ़ बजे अंसारी बस्ती और राइन बस्ती के



ताजियादारों के बीच ढोल नगाड़े बजाने के वर्चस्व को लेकर मारपीट हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस पर भी छत के ऊपर से पथराव कर दिया गया, जिसमें कई सिपाही घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र शीतला गंज चौराहे पर प्रतिवर्ष चौक पर ताजिया आता है। शुक्रवार शनिवार की रात 1:30 बजे के करीब एक पक्ष पहले से डीजे के साथ ढोल नगाड़े लेकर मौजूद था। उसी दौरान अंसारी बस्ती की तरफ से दूसरा पक्ष आ गया किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान दोनों पक्ष आमने- सामने हो गए जमकर मारपीट हुई। बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस पर भी पथराव हुआ। मौके पर पीएसी बल भी आने पर मामला शांत हुआ। रात में पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से पांच लोगों को हिरासत में ल लिया। सुबह चिन्हित अन्य लोगों को दबिश देकर गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन कोई पुलिस के हाथ नहीं लगा। शीतलागंज चौराहे पर एक दर्जन से अधिक दुकानें पुलिस ने बंद करवा दिया शांति व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस के साथ दरोगा तैनात रहे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राधेश्याम ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट को लेकर बात सामने आई हैं। किसी पुलिस वाले को चोट नहीं लगी है। मोहर्रम के बाद तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# प्रयागराज पीएचक्यू में होगा कमिश्नरेट एडीजी आईजी समेत कई दफ्तर होंगे शिफ्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज**। प्रयागराज मे नए कमिश्नरेट के संचालन के लिए भवन की तलाश पूरी कर ली गई है। धरोहर के रूप में संरक्षित उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुराने भवन में प्रयागराज का कमिश्नरेट संचालित होगा एजी ऑफिस के पास पुराने पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) भवन में कमिश्नरेट खोलने का आदेश डीजीपी विजय कुमार ने जारी कर दिया है। की स्थापना से संबंधित जरूरतें पूरी होने के बाद ही वहां स्थान दिया जाए। अन्यथा नियमानुसार अन्यत्र स्थानांतरित करा दिया जाए। इस भवन में कमिश्नरेट के कार्यालयों की स्थापना के दौरान किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करने की भी हिदायत दी गई है। कहा गया है कि यह भवन धरोहर के तौर पर संरक्षित है। 1834 में निर्मित इस भवन में पत्थरों के पिलर, दीवारें और छतें मेहराबदार हैं। ऐसे



इसी के साथ नए कमिश्नरेट भवन के कार्यालयों के आवंटन और निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुराने पीएचक्यू भवन में कमिश्नरेट की स्थापना किए जाने से वहां पहले से संचालित सात दफ्तरों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। पुलिस कमिश्नरेट जल्द ही पीएचक्यू में शिफ्ट हो जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर को लिखे पत्र में पीएचक्यू के पुराने हेरिटेज भवन में कमिश्नरेट स्थापित करने के लिए कहा है। डीजीपी ने कहा है कि पुलिस कमिश्नरेट का कार्य सीधे जनता से जुड़ा है। वहां जनता के अलावा अधिवक्ताओं और महानुभावों का बराबर आवागमन होता रहता है। ऐसी स्थिति में पुलिस कमिश्नरेट को पीएचक्यू के पुराने भवन के भूतल पर स्थापित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि पुलिस मुख्यालय के इस भवन में मौजूदा समय जितनी भी यूनिट्स स्थापित हैं, उन्हें कमिश्नरेट के दफ्तरों में इस भवन के स्थायित्व और सुरक्षा की दृष्टि से इसकी मूल दीवारों, छतों में किसी तरह की तोड़फोड़ तथा संरचना में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। डीजीपी का पत्र मिलने के साथ ही कमिश्नरेट को 189 वर्ष पुराने भवन में स्थानांतरित करने के लिए काम शुरू करा दिया गया है। पुलिस कमिश्नर अभी अपने आवास में ही बैठकर कमिश्नरेट का, कामकाज देख रहे हैं। अपर पुलिस कमिश्नर का कार्यालय पुराने एसएसपी भवन में संचालित है। इसके अलावा डीसीपी यमुनापार डीसीपी गंगापार, एसीपी चतुर्थ और एसीपी पंचम के कार्यालय संचालित हैं। इन दफ्तरों को पीएचक्यू के पुराने भवन में जल्द ही शिफ्ट करा दिया जाएगा एडीजी प्रयागराज जोन, आईजी पीएसी पूर्वी जोन, एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना इकाई, एसपी सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस), एसपी सीबीसीआईडी, एटीएस, एसटीएफ के अलावा लीगल सेल यूपी पुलिस मुख्यालय दफ्तर ।

# इफको नैनो यूरिया व नैनो डीएपी तरल पर आधारित जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज**। जनपद प्रयागराज के विकास भवन सरस सभागार कक्ष में इफको नैनो यूरिया व नैनो डीएपी तरल पर आधारित जनपद स्तरीय




कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्री शिव मोहन मौर्य जी अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रयागराज एवं श्री वी के सिंह श्ड-ळझ्एए रहे। इनके अलावा श्री विवेक यादव जी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रयागराज, श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव महा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक प्रयागराज एवं इफको राज्य कार्यालय लखनऊ से आए श्री एस के वर्मा जी उप महाप्रबंधक उपस्थित रहे । सर्वप्रथम श्री अक्षय कुमार पांडे क्षेत्र प्रबंधक इफको प्रयागराज ने नैनो तकनीक से अवगत करवाते हुए नैनो यूरिया व नैनो डीएपी तरल के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी । इसके बाद इफको राज्य कार्यालय लखनऊ से आए श्री एस के वर्मा जी उप महाप्रबंधक ने नैनो उर्वरक के महत्व एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि कैसे नैनो उर्वरक की एक बोतल एक बोरी यूरिया व डीएपी के बराबर है । इसके अलावा सचिवों व किसानों की नैनो उर्वरक से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया । श्री वी के सिंह जी श्ड- ळझ्एए ने नैनो उर्वरक को पर्यावरण के लिए अमृत बताया एवं रसायनिक खादों के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया । श्री के सिंह जी ने आने वाले समय में नैनो यूरिया ही एकमात्र विकल्प बनेगा कि रहने की बात की । मनुष्य एवं पर्यावरण के बिगड़ते स्वास्थ्य के लिए नैनो एक आवश्यक आवश्यकता है । श्री विवेक यादव जी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रयागराज ने कार्यक्रम में आए समिति सचिवों को नैनो उर्वरक की बिक्री के लिए प्रेरित किया एवं कॉपरेटिव को ज्यादा से ज्यादा सचिवों को नैनो उर्वरक के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए । कार्यकम में समिति सचिव एवं कॉपरेटिव सहित 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री आशीष राठौर क्षेत्र अधिकारी प्रयागराज की अहम भूमिका रही ।

# हाईकोर्ट में विधायक अब्बास अंसारी की याचिका पर फैसला सुरक्षित

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज**। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की याचिका पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। अब्बास अंसारी, ओम प्रकाश राजभर की पार्टी से विधायक भी हैं। याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने की। आरोप है कि अब्बास अंसारी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान 100 चार पहिया और दो पहिया वाहनों के साथ जुलूस निकाला था। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में मऊ कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी एसआई आदर्श श्रीवास्तव ने 10 मार्च 2022 को आईपीसी की धारा 171 एच, 188, 341 के तहत एफ आई आर दर्ज कराई थी। मामले में अब्बास अंसार, भाई उमर अंसारी मंसूर अंसारी, साहिद लारी, साकिर लारी उर्फ शकील व कुछ अज्ञात आरोपित है। याची के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने बहस की। कहा कि याची को राजनीतिक विद्वेष के कारण फंसाया गया है। उसके खिलाफ कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं है। अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने एफआइआर रद करने की मांग का विरोध किया। कहा कि याची ने चुनाव आचार संहिता का उल्लघन किया है।



# हाईकोर्ट ने आज़म खान को वॉयस सैंपल देने का दिया आदेश

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज**। समाजवादी पार्टी लीडर आजम खान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. एक




बार फिर कोर्ट की तरफ से उन्हें बड़ा झटका लगा है. इलाहबाद हाई कोर्ट ने वॉइस सैंपल को लेकर याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. आपको जानकारी के लिए बता दें कोर्ट ने आजम खान को ट्रायल कोर्ट के निर्देश पर वॉइस सैंपल देने को कहा है. आजम खान पर 2017 विधानसभा चुनावके दौरान भड़काऊ भाषण देने का आरोप है. इस मामले में आजम खाने खिलाफ रामपुर के टांडा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था. जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में जांच की थी और आजम खान के खिलाफ ट्रायरल कोर्ट में एक चार्जशीट दाखिल की थी. जिसके बाद अदालत ने आजम खान को निर्देश दिया था कि वह अपना वॉयस सैंपल दें.वहीं, आजम खाने वॉयस सैंपल को लेकर ऐतराज जताया था और इलाहबाद हाईकोर्ट का रुख किया था और अदालत से गुजारिशकी थी कि वह इस पर रोक लगाए. वहीं कोर्ट में उनके खिलाफ वकील ने कहा था कि आजम खान जनप्रितिनिधि थे, उन्होंने भड़काऊ बयानबाजी करके समाज के सौहार्द को और शांती को भंग करने की कोशिश की. ऐसे में ये मामला काफी संगीन हो जाता है।

# प्रयागराज मुहर्रम के जुलूस में भाजपा विधायक ने लगाए इस्लामिक नारे, वीडियो वायरलष्ठ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज**। मुहर्रम के जुलूस में भाजपा शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने इस्लामिक नारे लगाए थे। इसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



हर्षवर्धन बाजपेयी द्वारा इस्लामिक नारा लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विधायक के समर्थक इसे हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बता रहे हैं। इस संबंध में भाजपा विधायक ने कहा कि ऊपर वाले का नाम लेना कोई गलत नहीं है मुहर्रम की आठ तारीख को शहर के सब्जी मंडी गढ़ी सराय इमामबाड़ा में बड़ा ताजिया में पहुंचे शहर उत्तरी के भाजपा विधायक है। विधायक के समर्थक इसे हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बताकर नारा लगाने को सही ठहरा रहे हैं। इस मामले में विधायक का भी बयान आ गया। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले का नाम लेना कोई गलत बात नहीं है। उन्होंने कोई उकसाने वाला नारा नहीं लगाया है। उन्होंने ऊपर वाले का नारा लगाया है। यह वीडियो जितना अधिक वायरल हो उतना ही अच्छा है।

100 Years of Glorious service in Dairy education
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2023-24
WARNER COLLEGE OF DAIRY TECHNOLOGY
Sam Higginbottom University of Agriculture, Technology and Sciences (SHUATS), Prayagraj (Allahabad), U.P.- 211007 (India)

OBJECTIVES
- To create Dairy and Food Technologist to address technical and management problems of Dairy and Food industry.
- To develop technical abilities and interpersonal skills.
- To develop entrepreneurship knowledge and skills in establishing and managing Dairy and Food industries.

| | PROGRAMMES | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma | IDD (Dairy Technology) | 2 Years |
| | Dairy Food Safety and Quality | 1 Year |
| | Dairy Food Analysis and Quality Management | |
| UG | B. Tech. Dairy Technology | 4 Years |
| | B.Sc. (Hons.) Food Technology | |
| PG | M.Tech./ M.Sc (Dairy Technology) | 2 Years |
| | M.Tech. (Dairy Engg) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Chemistry) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Microbiology) | |
| | M.Sc. (Food Science and Technology) | |
| | M.Sc. (Dairy Economics/Dairy Extension) | |
| | M.B.A. (Dairy Business Management) | |

DEPARTMENTS
- Dairy Technology
- Dairy Engineering
- Dairy Chemistry
- Dairy Microbiology
- Dairy Trade & Business Management

Elite Features
- State-of-the-art classrooms with LCD projectors.
- Around 500 books in college library.
- Industrial Training and Experiential Learning Module.
- High Tech Research Labs.
- Student Dairy plant for hands on training
- Wi-Fi facility available in college premises.
- Separate hostel facility for boys and girls.

STUDENTS PLACEMENT

National Dairy and Food Plant
- Amul Dairy
- Mother Dairy
- Lactalis
- Nestle S.A.
- Hatsun Agro Product
- Perfetti van Melle
- Heritage Foods Limited
- Gyan Dairy
- Namaste India
- Parag Dairy
- Paras Dairy
- Sudha Dairy

International Dairy and Food Plant
- International Foodstuffs Co. (IFFCO), Dubai
- Al-Ain (Dubai)
- Al-Rawabi (Dubai)
- National Food Plant, UAE

Government and Public Sector
- Dairy Development Officer
- FSSAI, AGMARK, BIS, BIS
- Banking sector







Some Distinguished Alumni
- Harshev Singh, CEO, Reliance Dairy Foods Ltd.
- S.P. Verma, Vice President, Bhole Baba Milk Food Industries, Rajasthan
- M.K. Shukla, DDO, Govt of U.P.
- G.P. Tiwari, GM, CP Milk Foods Ltd, Lucknow
- M.N. Dwivedi, MD, Sudha Dairy, Samastipur
- S.M. Ghouse, Head, Plant operations, Al-Rawabi Dairy, UAE
- Shailendra Kumar, Dy. Manager (HR), Mother Dairy, Delhi
- T.V. Rao, Dairy Advisor, USA

Contact
Prof. (Dr.) JohnDavid
Dean, Warner College of Dairy Technology, SHUATS, Prayagraj, UP- 211007 (India)
Email: sdean_dairy @shiats.edu.in
Mob No: +917565937730/ +91 9453226735

# जनसामान्य आई फ्लू से बचाव हेतु किये जाने वाले उपायों को जानें और सुरक्षित रहें-एडीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जनसामान्य से कहा कि आई फ्लू से बचाव हेतु किये जाने वाले उपायों को जाने और सुरक्षित रहें, आई फ्लू के सम्बन्ध में दिशा निर्देशों का अनुपालन करें। उन्होंने बताया कि आई फ्लू को पिंक आई या कंजंक्टिवाइटिस भी कहा जाता है जो कि बारिश के मौसम में होने वाली एक आंखों की समस्या है। आई फ्लू आंखों के सफेद हिस्से में संक्रमण हो जाता है।आई फ्लू के ज्यादातर मामले सर्दी-खांसी वाले वायरस की वजह से बढ़ते है। बरसात में फंगल इन्फेक्शन समेत हवा में प्रदूषण, वातावरण में नमी जैसी समस्या बढ़ जाती है जिसकी वजह से आंखों से जुड़ी परेशानियां होने लगती है। आई फ्लू फैलने के कारण के सम्बन्ध में उन्होने बताया है कि बारिश के गंदे पानी में नहाने या फिर लम्बे समय तक पसीने में काम करने से आंखों में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है इसके अलावा आई फ्लू से पीड़ित लोगों के साथ हाथ मिलाने और गंदे हाथों से आंखों को छुने एवं पीड़ित व्यक्ति के कपड़े प्रयोग करने से आई फ्लू होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होने आई फ्लू फैलने के लक्षण के सम्बन्ध में बताया है कि लाल सूजनयुक्त आँखे हो जाती है, आंखो में सफेद रंग का कीचड़ दिखाई देना, आंखों से पानी बहना, आंखों में दर्द, आंखों में जलन या खुजली होना तथा आंखों के आसपास की त्वचा में सफेद या लाल दाग होना इसके लक्षण है।उन्होने बताया कि आई फ्लू होने पर आँखों को गुनगुने पानी से साफ करें, आंखों का साफ करने के लिये साफ और सूती कपड़े का प्रयोग करें, आई फ्लू के लक्षण दिखते ही तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। उन्होंने आई फ्लू से बचने के उपाय के सम्बन्ध में बताया है कि हाथो को नियमित अंतराल पर साबुन से जरूर धोए, आंखों को छूने से पहले व बाद हाथ धोने से संक्रमण का खतरा कम रहता है, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखें हाथ बिल्कुल न मिलायें, आंखों में जलन होने और लाल होने पर स्वच्छ पानी से धोये, गन्दे हाथ आंखों के पास न ले जाये, आंखो को खुजाएं नही,आँखों पर चश्मा जरूर लगाये, अपनी निजी चीजों जैसे तौलिया, तकिया आई कास्मेटिक्स (आंखो के मेकअप) आदि को किसी से साझा न करें, अपने रूमाल, तकिये के कवर, तौलिये आदि चीजों को रोज धोय, टीवी या मोबाइल देखने से बचें।


# अनपरा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अजुहा ।** 30 जुलाई 2023 दिन रविवार लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट321- के आवाहन पर पर्यावरण संस्था के अंतर्गत लायंस क्लब रेनू सागर द्वारा अनपरा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 25 फलों एवं 6 छायादार वृक्ष के पौधे लगाए गए। जिसमें लायन प्रेसिडेंट रीना जैन, ट्रेजरर लायन रेनू खुराना, शशि चंद्र, अश्विनी ठाकुर, रंजीत गुप्ता, आशीष वर्मा, विकास विश्वकर्मा, भागीरथी गुप्ता, एवं कृष्णा विश्वकर्मा आदि सभी सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।



# परिषदीय विद्यालय में बच्चे का झाड़ू लगाने का वीडियो वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अजुहा ।** विकास खंड कड़ा के अमीरतापुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों की मनमानी का एक मामला सामने आया है। एक तरफ अध्यापक ड्यूटी पर देर से पहुंच रहे हैं तो वहीं बच्चों को जल्दी बुलाकर उनसे स्कूल में झाड़ू लगवाई जा रही है। जिसका एक वीडियो सामने आया है। मामला अजुहा कस्बे के अमीरतापुर में बने उच्च प्राथमिक विद्यालय का है, जहां आज प्राथमिक विद्यालय का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में प्राथमिक विद्यालय के बच्चे झाड़ू लगाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अध्यापक स्कूल देर से आते हैं लेकिन बच्चों को जल्दी बुलाकर उनसे झाड़ू लगवाते हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह से सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा शिक्षा व्यवस्था का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल में झाड़ू लगाने की व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारी होता है। उसी का सफाई करने का जिम्मा है।



# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ब्लाक टास्कफोर्स की बैठक हुई संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के मार्गदर्शन में खण्ड विकास अधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में करमा ब्लॉक सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह, महिला शक्ति केंद्र तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयुक्त बैठक आहूत की गयी। बैठक में एजेण्डा बिन्दु पर चर्चा किया गया उसके उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बाल विवाह पर चर्चा करते हुये कहा किसी लड़की या लड़के की शादी 18 साल की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह में औपचारिक विवाह तथा अनौपचारिक संबंध भी आते हैं, जहां 18 साल से कम उम्र के बच्चे शादीशुदा जोड़े की तरह रहते हैं। बाल विवाह, बचपन खत्म कर देता है। बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है साथ ही बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को ग्राम स्तर पर जन जन तक पहुंचाया जाए। जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण एवम अनाथ, छोड़ दिए गए बच्चों के गोद दिलाने की प्रक्रिया के बारे में बताया तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 नियमावली 2016 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति व देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की देखरेख, संरक्षण, उपचार, विकास और पुनर्वास और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं तथा संरक्षण के विषय में, पाक्सो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम 2012 के बारे में बताया गया। महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ पर चर्चा करते हुये कहा गया कि बेटियाँ हर एक क्षेत्र में बराबर की सहभागिता निभा रही है लेकिन फिर भी समाज के कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण उन्हें वे अधिकार नहीं मिल पाते जो उन्हें मिलने चाहिए, उनके साथ भेदभाव किया जाता है। समाज के कुछ क्षेत्रो में होने वाले इस भेद भाव को दूर करने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं दहेज मुक्त जिला बनाने हेतु शपथ दिलाई गई ।भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकना आदि के बारे मे बताया गया साथ ही महिला कल्याण विभाग से संचालित समस्त योजनायें जैसे , पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, घरेलू हिंसा से पीडित महिलाओं को आर्थिक एवं कानूनी सहायता आदि के एवम सभी टोल फ्री नंबर 181,1090,112 ,1098,1076 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी।



# नवागत मण्डल रेल प्रबंधक ने औड़िहार-छपरा रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग संरक्षा किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।**पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने आज रविवार को रेल परिचालन में संरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा,यात्री सुख सुविधाओं के विकास कार्यों एवं इस रेल खण्ड के दौरान औड़िहार-छपरा रेल खण्ड पर परिचालन में संरक्षा, विकास कार्यों की प्रगति,यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई ,पेयजल की उपलब्धता,अस्थाई सतर्कता आदेशों का अनुपालन एवं संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों के सक्षमता एवं पी एम ई रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया व संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा)राहुल श्रीवास्तव,मुख्य परियोजना प्रबंधक(गति शक्ति) कौशलेश सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (न्शि्)अपूर्व,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (कर्षण)आर एन सिंह, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आनन्द कुमार सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक व





पर चल रहे परिचलनिक सुधार एवं विकास कार्यो हेतु औड़िहार-छपरा रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बलिया रेलवे स्टेशन पर स्टेशन सुंदरीकरण एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का गहन निरीक्षण कर संबंधित को सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक अपने विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण प्रमाण पत्रों की जाँच की भी कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पैनल, स्टेशन भवन,प्लेटफॉर्म, आधुनिक शेड,पैदल उपरिगामी पुल, फूड एवं वेंडिंग स्टाल, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास मार्ग,साफ-सफाई तथा रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षा से जुड़े रिले रूम,आईपीएसरूम, पॉइंट्स क्रासिंग,चाभी हस्तांतरण, अनुरक्षण पंजिका,निरस्तीकरण काउन्टर एवं (समन्वय) राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम ऋषि श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीजिनर(समान्य) पंकज केशवानी,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल सिंगनल एवं दूरसंचार इंजीजिनर प्रथम रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (वर्क्स )अभिनव पाठक, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर कर्मचारी उपस्थित रहे। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्कअधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि अपने विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने उक्त रेल खण्ड के रेल पथ,रेल बैलास्ट,ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवर हेड ट्रैक्शन, एलाइनमेंट, काशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स की संरक्षा बारीकियों से परख संबंधित अधिकारियो को कड़े निर्देश दिए।

# नगर व जिले का नाम रौशन करने वाले डाला ताइक्वांडो सेंटर का नवनिर्माण सेना ने किया सम्मान, किया मिष्ठान वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला(सोनभद्र)।** शुक्रवार को डाला नवनिर्माण सेना के तत्वावधान में श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में डाला नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल इस खेल में कोई जीतकर डाला नगर का नाम करेगा वो बच्चों ने कर दिखाया है, हमें गर्व है हमारे डाला ताइक्वांडो सेंटर के सभी बच्चों पर। डाला नवनिर्माण सेना सभी बच्चों के




के नेतृत्व एशियन मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में स्वर्ण, सिल्वर व ब्रॉन्ज पदक जीतकर नगर व जिले का मान बढ़ाने वाले डाला ताइक्वांडो सेंटर के सभी अभ्यर्थियों बच्चों व सेंटर के मुख्य शिक्षक मो0 आशिक को मिष्ठान कराकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान डाला नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल ने कहा कि डाला नवनिर्माण सेना का गठन जिस उद्देश्य के लिए किया गया था, उसमें से एक उद्देश्य नगर के बच्चों को सही मार्ग दिखाना भी था जिससे बच्चों के साथ-साथ नगर व प्रदेश का मान सम्मान बढ़े। और कहा कि लोगो ने कभी सोचा नहीं था कि वो इस नगर से उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है और भविष्य में भी इनको और आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगी। इस दौरान पं0 शुभम तिवारी, सभासद अवनीश पांडे, सभासद राजेश पटेल, गोविंद भारद्वाज व राकेश पासवान ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी हौसला अफजाई की। साथ ही नगर व जनपद का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रौशन करने के लिए नगर के सभी ताइक्वांडो के अभ्यर्थी बच्चों को बधाई दी गई। इस दौरान डाला ताइक्वांडो सेंटर से ओम पाठक, उमंग जैन, तौसीफ़ आलम, हर्षित यादव, हर्षवर्धन सिंह, आसिफ़ खाऩ, समीर सिंह, सैफ, कनक, प्रिंस, वंश व चेतन आदि अभ्यर्थी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जिला अध्यक्ष अंजनी कुशवाहा महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में आक्रोश मार्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र जिला अध्यक्ष अंजनी कुशवाहा महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में आक्रोश मार्च वाराणसी शक्तिनगर मार्ग रेणुकूट चौकी के पास निकाला गया । मणिपुर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सदन में आवाज उठाने पर राज्य सभा सांसद व आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह जी का निलंबन मोदी सरकार ने क्यों किया मोदी जी इसका जवाब दें संजय सिंह जी का निलंबन बहाल करो की मांग लिए आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ आक्रोश मार्च करने सड़क पर उतरी सझारी देवी , मुनिता शर्मा , इंदु देवी, रेणुकूट नगर अध्यक्ष,ममता देवी , जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, रविंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी , हरीनाथ खरवार जिला उपाध्यक्ष ,ओबरा विधानसभा अध्यक्ष बृजेश कनौजिया , ओबरा विधानसभा महासचिव आशीष पांडे, राजेश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओबरा विधानसभा, राकेश चौधरी ओबरा विधानसभा मीडिया प्रभारी, रविंद्र बाल्मीकि नगर सह प्रभारी ओबरा, विनोद कुमार शर्मा युवा प्रकोष्ठ जिला सचिव, सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मुन्ना लाल जी , बद्रीनाथ खरवार, आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# घिनौना कृत्य करने वाले आरोपियों को मिले कड़ी सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर ।** मैहर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने आज मैहर में घटी घटना को लेकर काफी खेद जताते हुए आपने जारी बयान में कहा कि यह शर्मसार कर देने वाली घटना है इस घटनाक्रम को सुनने के बाद मेरी अंतरात्मा तक काप उठी है इस घटनाक्रम में शामिल आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी वही बच्ची को जल्दी स्वस्थ होने की कामना की है इस घटना संदर्भ में माननीय प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी भी लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पार्टी के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क में बने हुए हैं वही रीवा में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में बच्ची का उपचार भी निरंतर चल रहा है जहां बच्ची की हालत अभी स्वस्थ बताई जा रही है इस घटना की बात को लेकर श्रीकांत चतुर्वेदी ने पीड़िता के परिवार से संवाद कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया है एवं प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



# जुलूस शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज के द्वारा मोहर्रम के जुलूस में एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव एवं एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी विरेन्द्र सिंह एवं नैनी थाना समस्त चौकी इंचार्ज पुलिस बल एवं पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम के प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपनी टीम के सदस्यों के साथ सदस्य के साथ मौके पर मौजूद और देखरेख में मोहर्रम का जुलूस शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराया।





# सम्पादकीय

## राजनीति का विस्तार और विस्तार की राजनीति के बीच सत्ता-विपक्ष की बैठकों के मायने

तो क्या 18 जुलाई की शाम को 2024 के लोकसभा चुनाव की तस्वीर सामने आ जाएगी? देश को पता चल जाएगा कि एनडीए के साथ कौन-कौन है और विपक्ष के खेमे में कौन-कौन है? बंगलूरू में विपक्ष की बैठक 17-18 जुलाई को होनी है और भाजपा ने भी बहुत साल बाद एनडीए की बैठक 18 जुलाई को बुलाई है। कहा जा रहा है कि भाजपा को एनडीए की याद इसलिए आ रही है, क्योंकि विपक्ष एक होने की संभावना पर काम कर रहा है। उधर विपक्ष की मजबूरी है कि एक नहीं हुए, तो एक-एक करके खत्म हो जाएंगे। कुल मिलाकर यह राजनीति का विस्तार है और विस्तार की राजनीति है। पहले बात विपक्ष की। पटना के बाद यह विपक्ष की दूसरी कोशिश होगी। क्या बंगलूरू में विपक्ष के गठबंधन को कोई नाम मिलेगा और वह अपना संयोजक चुनने में सफल रहेगा? विपक्ष को नारा और नीति पर भी काम करना होगा। आखिर मोदी ब्रांड के खिलाफ यह नारा नहीं चल सकता कि 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' या 'मोदी को हराना है, सत्ता से हटाना है'। गठबंधन को नारा इस विमर्श के आसपास बुनना होगा कि विपक्ष सत्ता में आया तो क्या करेगा। रोजगार, महंगाई जैसे मुद्दों का इलाज किस रूप में करेगा? उसे एक गेम चेंजिंग आइडिया की जरूरत तो होगी। क्या यह संघवाद हो सकता है, यानी अगर गठबंधन सत्ता में आया, तो राज्यों को अधिक अधिकार देगा। यह आइडिया कांग्रेस को नापसंद करने वाले ओडिशा के नवीन पटनायक, आंध्र प्रदेश के जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर को भा सकता है। एक अन्य आइडिया न्याय योजना का है। राहुल गांधी ने पिछले लोकसभा चुनाव से पहले घोषणा की थी कि यूपीए सत्ता में आई, तो देश की सबसे गरीब बीस फीसदी जनता को छह हजार रुपये महीने यानी 72 हजार रुपये सालाना दिए जाएंगे। तब यह आइडिया किसी के गले नहीं उतरा। तीसरा आइडिया राइट टू हेल्थ है। अभी मोदी सरकार आयुष्मान योजना चला रही है, जिसमें करीब दस करोड़ परिवारों को लाभ मिल रहा है। क्या विपक्ष 140 करोड़ लोगों को इसके दायरे में लाकर अपनी राजनीति का विस्तार करने की संभावना तलाश सकता है? चौथा, सामाजिक सुरक्षा कानून है। सामाजिक सुरक्षा कानून के तहत देश का हर जरूरतमंद वोटर आ जाएगा। यह लाभार्थी वोट बैंक में विस्तार करने की राजनीति होगी। उधर एनडीए की बात करें, तो नौ साल बाद ऐसी कोई बैठक होगी। प्रधानमंत्री मोदी को किसी नए गेम चेंजर आइडिया की जरूरत नहीं है। उन्हें सिर्फ कुनबे का विस्तार करने की जरूरत है। इसके लिए काम शुरू भी हो गया है। जहां-जहां विरोधियों का महागठबंधन है, वहां-वहां सियासी बुलडोजर चल रहा है। महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद एनसीपी इसकी की हद में आई है। कांग्रेस में रहे सुनील जाखड़ को भाजपा ने पंजाब और मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री रही एनटीआर की बेटी पुरुंदेश्वरी देवी को आंध्र प्रदेश की कमान सौंप कर विस्तार की राजनीति का ट्रेलर दिखाया है। जीतन राम मांझी भी एनडीए में आ गए हैं। अकाली दल से बात चल रही है। ओम प्रकाश राजभर से लेकर वीआईपी पार्टी के मुकेश साहनी से बात अंतिम दौर में है। मायावती का मायावी साथ मिल ही रहा है। विपक्ष का रह-रहकर एक ही आरोप होता है कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग का दुरुपयोग हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक संजय मिश्रा को अतिरिक्त विस्तार नहीं दिया, तो गृहमंत्री अमित शाह ने चेता दिया कि किसी एक के जाने से खुश होने की जरूरत नहीं है। ईडी को जो शक्तियां मिली हुई हैं, वे अपनी जगह हैं। प्रधानमंत्री मोदी विपक्षी दलों के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने की बात करते रहे हैं, लेकिन वह जनता को दस साल का हिसाब देने के मोर्चे पर भी लगे रहते हैं। भले ही दस वर्षों में मोदी सरकार रोजगार और आर्थिक मोर्चे पर ज्यादा सफल नहीं हो पाई हो, लेकिन उसका घोषणापत्र बढ़-चढ़कर बोल रहा है। अनुच्छेद 370 का हटना, तीन तलाक खत्म होना इस तरकश के दो तीर हैं। सबसे बड़ी बात है कि जनवरी में राम मंदिर दर्शन के लिए खुल जाएगा। समान नागरिक संहिता पर काम तेजी से चल रहा है। वैसे बूथ प्रबंधन और आर्थिक संसाधन आदि को भी महंगे होते चुनाव के मद्देनजर राजनीति के विस्तार और विस्तार की राजनीति का हिस्सा मानना चाहिए।

## अंतरिक्ष में परचम लहराने की तैयारी, 140 तक पहुंची टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप्स की संख्या

वर्ष 2014 से पहले भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ा सिर्फ एक टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप था, वहीं अब ऐसे स्टार्ट-अप की संख्या 140 तक पहुंच चुकी है। एक जमाने में भारत को सपेरों का देश कहा जाता था, लेकिन अब भारत अंतरिक्ष की दुनिया में एक महाशक्ति बनने की राह पर



अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी भूमिका को पूरी तरह से बदल दिया है। वर्ष 2014 से पहले जहां भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ा सिर्फ एक टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप था, वहीं अब ऐसे पंजीकृत स्टार्ट-अप की संख्या 140 तक पहुंच चुकी है। इसके अतिरिक्त भारत में ऐसी कंपनियों की संख्या 400 से ज्यादा हो गई है। अभी अंतरिक्ष सेवाएं देने के मामले में भारत अमेरिका, चीन, जापान और ब्रिटेन के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच चुका है। अभी पूरी दुनिया की स्पेस इकनॉमी लगभग 30 लाख करोड़ रुपये की है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 57,431 करोड़ रुपये की है। लेकिन अगले पांच वर्षों में इसमें सालाना 48 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जिससे आगामी पांच वर्षों में भारत की स्पेस इकनॉमी चार लाख 10 हजार करोड़ रुपये की हो सकती है। भारत के स्टार्ट-अप सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सैटेलाइट और रॉकेट इंजन भी अपने देश में विकसित कर रहे हैं। इनमें से कुछ स्टार्ट-अप ने अगले एक दशक में 30 हजार सैटेलाइट लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। अब ज्यादातर भारतीय स्टार्ट-अप 'इनोवेशन' पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय स्टार्ट-अप अपनी खुद की रिसर्च (अनुसंधान) और अपने ही देश के काबिल इंजीनियरों के बल पर काम कर रहे हैं। पूरी दुनिया में सबसे काबिल और सस्ते इंजीनियर हमारे इन्हीं स्टार्ट-अप में काम कर रहे हैं।

# लौवर संग्रहालय पहुंचे पीएम मोदी, कहा- फ्रांस भारत की दोस्ती विश्व शांति में दे रही योगदान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के हिस्से के रूप में बैस्टिल दिवस परेड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मंत्री दो दिवसीय यात्रा पर यहां गुरुवार को पहुंचे थे। बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया था पीएम मोदी फ्रांस के दो दिवसीय



दौरे पर गए हैं। इस दौरान उन्होंने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के हिस्से के रूप में बैस्टिल दिवस परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ शामिल हुए। पीएम मोदी पेरिस के एलीसी पैलेस पहुंचे जहां पर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनका स्वागत किया। यहां पर दोनों नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोज रात्रिभोज में शामिल होने के लिए पेरिस के लौवर संग्रहालय पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों रही मौजूद। पेरिस के लौवर संग्रहालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में दुनिया को कई उतार-चढ़ाव और चुनौतीपूर्ण समय का सामना करना पड़ा, लेकिन फ्रांस और भारत की दोस्ती लगातार गहरी होती गई। हम न केवल दोनों देशों के कल्याण में बल्कि विश्व शांति और सुरक्षा में भी योगदान दे रहे हैं। हमारी साझेदारी वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कल फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार से मुझे सम्मानित किया गया। यह मेरे और सभी भारतीयों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। ये भारतीय लोगों के प्रति आपके स्नेह और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राजदूत पास्कल काग्नि ने की पीएम की प्रशंसा वहीं पीएम मोदी के विजन पर अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए फ्रांस के राजदूत पास्कल काग्नि ने कहा कि ठमेरा मानना ??है कि कुल मिलाकर यह बेहद दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी है। इसलिए हम इससे बहुत खुश हैं। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रपति मैक्रों के साथ अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से मेल खाता है।ठ इसलिए अब समय आ गया है कि हमें एहसास हो कि... हम 20 वर्षों से भारत का समर्थन कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि हम इसे और मजबूततरीके से करें। इसलिए फ्रांस और भारत के बीच अधिक निवेश, अधिक साझेदारी हो।वहीं पीएम मोदी के साथ बातचीत पर यूरोप मंत्रालय के सस्टेनेबल सिटीज टास्क फोर्स के प्रमुख गेराई वुल्फ ने कहा कि ठसस्टेनेबल सिटीज आज के प्रमुख विषयों में से एक है। मुझे लगता है कि उन्हें (पीएम मोदी) सही बात पता चली है।ठ ..स्पष्ट रूप से प्रमुख समस्याओं में से एक भारत में आने वाली सभी शहरी आबादी के लिए समाधान ढूंढना है। और ग्रामीण से शहरी प्रवास के संदर्भ में, हमें और अधिक भागीदार बनाना होगा। हमारे पास समाधान हैं...हमें बस अपना सहयोग बढ़ाना है ...ठपीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, ठराष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मैंने व्यापार सहयोग में विविधता लाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए शीर्ष सीईओ से मुलाकात की। मैंने भारत में सुधारों पर प्रकाश डाला और उद्यमियों से हमारे देश में उपलब्ध कई अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। इंडो-पैसिफिक कॉपरेशन रोडमैप पर कर रहे काम पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों के साथ साझा प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे सहयोग को एक रचनात्मक रूप देने के लिए हम इंडो-पैसिफिक कॉपरेशन रोडमैप पर काम कर रहे हैं। इंडो-पैसिफिक ट्रांयगुलर डेवेलपमेंट कॉपरेशन फंड के प्रस्ताव पर भी दोनों पक्ष चर्चा में है। इससे पूरे क्षेत्र में स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नए अवसर खुलेंगे।उन्होंने आगे कहा कि भारत स्थायी शांति की बहाली में योगदान देने के लिए तैयार है। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत और फ्रांस हमेशा साथ रहे हैं। हम मानते हैं कि क्रॉस बोर्डर आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है, इस दिशा में दोनों देश सहमत हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान चंद्रयान- 3 का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज भारत में चंद्रयान के सफल लॉन्च पर पूरा देश उत्साहित है। यह हमारे वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और फ्रांस का पुराना और गहरा सहयोग है। हमारे स्पेस एजेंसियों के बीच नए समझौते हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम मार्सिले शहर में एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलेंगे। हम फ्रांस में पढ़ रहे भारतीय मूल के लोगों को दीर्घकालिक वीजा देने के फैसले का स्वागत करते हैं। मैं फ्रांसीसी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने परिसर स्थापित करने के लिए आमंत्रित करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग संबंधों का एक मूलभूत स्तंभ रहा है। यह दोनों देशों के बीच गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत में फ्रांस एक अहम साथी है... सबमरिन हो या नौसेना के जहाज हम चाहते हैं कि मिलकर सिर्फ अपने ही नहीं तीसरे मित्र देशों के सहयोग के लिए भी हम काम करें। उन्होंने कहा कि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम पिछले 25 वर्षों की मजबूत नींव के आधार पर अगले 25 वर्षों का रोडमैप बना रहे हैं। इसके लिए साहसिक एवं महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। भारत के लोगों ने स्वयं को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस यात्रा में हम फ्रांस को एक स्वाभाविक भागीदार के रूप में देखते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे यहां आज बैस्टिल डे परेड में पंजाब रेजिमेंट को देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। हम एक ऐतिहासिक विश्वास के आधार पर आगे बढ़ रहे हैं और हम मिलकर वैश्विक संकटों का समाधान ढूंढ सकते हैं। उन्होंने कहा पीएम मोदी पेरिस के एलीसी पैलेस पहुंचे, जहां पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी यहां पर राष्ट्रपति मैक्रॉन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और दोनों नेता एक संयुक्त प्रेस बयान जारी करेंगे। ट्वीट कर क्या बोले पीएम मोदी पीएम मोदी ने अपने एक ट्वीट में कहा कि बैस्टिल दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर पेरिस में परेड में शामिल हुआ। इस दौरान उन्होंने गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ठबैस्टिल दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर पेरिस में परेड में शामिल हुआ। गर्मजोशी से किए गए स्वागत और सम्मान के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।ठपीएम मोदी के परेड में पहुंचने पर फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रॉन और फ्रांस की पीएम एलिजाबेथ बोर्न ने उनका स्वागत किया। फ्रांसीसी राष्ट्रीय दिवस या बैस्टिल दिवस फ्रांस के इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है, क्योंकि यह 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के दौरान बैस्टिल जेल पर हमले की याद दिलाता है। बैस्टिल दिवस परेड समारोह का मुख्य आकर्षण है। भारतीय सैनिक भी परेड का हिस्सा इस बार परेड में 269 सदस्यीय भारतीय सेना के जवान भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर फ्रांसीसी जेट विमानों के साथ भारतीय वायु सेना (ईंइ) के तीन राफेल लड़ाकू विमान भी फ्लाईपास्ट में शामिल होंगे।

# मणिपुरः ठीक नहीं है सेना पर कीचड़ उछालना, देश के लिए खतरनाक हैं ऐसे बयान

मणिपुर में सेना पर कीचड़ उछालने वाले भयानक देशद्रोह कर रहे हैं। यह वह सेना है, जिसकी बदौलत असम, नगालैंड, मिजोरम और मणिपुर भारत का अभिन्न अंग बने हुए हैं। मणिपुर की भौगोलिक एकता पूरे भारत से जुड़ी हुई है। इसकी हिफाजत विभाजक मुद्दे उठाकर नहीं की जा सकती। दो महीने से ज्यादा



वक्त हो गया, मणिपुर में सुधरते-बिगड़ते हालात के बीच आ रहे बयानों से हमारे माथे पर चिंता की लकीरें पड़नी चाहिए। अमेरिका में प्यार की पींगों के बाद अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कोलकाता स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मणिपुर की घटनाएं मानवीय चिंता का विषय हैं। अंग्रेजी दैनिक द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा, 'हम शांति की कामना करते हैं। जब आप हिंसा में बच्चों को मरता देख रहे हों, तब आपको परवाह करने के लिए भारतीय होना जरूरी नहीं है। अगर कहा जाए, तो हम हर तरह से सहायता करने को तैयार हैं। मार्गदर्शक सिद्धांत यह हो कि हर व्यक्ति जुड़ाव महसूस करे। हम वहां अधिक सहकार, अधिक परियोजनाएं और अधिक निवेश ला सकते हैं। भारत के पूर्व और पूर्वोत्तर से हमारा सरोकार है। यहां के लोगों, स्थानों, क्षमताओं और भविष्य से हमारा सरोकार है। म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान से लगे चीन की पहुंच वाले क्षेत्र में बेलौस मुहब्बत तो यह फिक्र नहीं पैदा कर रही, हालांकि गार्सेटी ने यह बताना आवश्यक समझा कि अमेरिका का सरोकार सामरिक नहीं है। पूर्वोत्तर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विकास मॉडल का उदाहरण आईएएस अधिकारी आशीष कुंद्रा ने गहन फील्ड वर्क के बाद हाल में प्रकाशित किताब ए रिसर्जेंट नॉर्थ ईस्ट : नैरेटिव्स ऑफ चेंज में दिया है। असम में एक किसान ने उन्हें बताया कि बहुराष्ट्रीय निगमों ने खाद्य वस्तुओं के पीछे षड्यंत्र चला रखा है; वे हाइब्रिड बीज बेचते हैं, जिससे स्थानीय फसलें और जीन पूल तबाह हो रहे हैं। दूसरा बयान मिजोरम के मुख्यमंत्री और एनडीए के समर्थक, मिजो नेशनल फ्रंट के नेता जोरमथंगा का है। मणिपुर में एक कुकी का सिर काटे जाने के बाद उन्होंने संकेत दिया कि एक प्रशासकीय यूनिट के तहत सभी मिजो जनों को रखने की फ्रंट की ऐतिहासिक मांग फिर रखी जा सकती है। हमारी कामना है कि चर्चों को जलाए जाने, हत्याओं और हिंसा की एक भी फोटो या वीडियो क्लिप अब देखने को न मिले। अगर शांति स्थापित करने का एक ही रास्ता है, तो क्या हम उसे चुनेंगे? सांविधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति को इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए। लेकिन इसकी भी पृष्ठभूमि है। 18 जून को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने जोरमथंगा से अनुरोध किया कि मिजोरम के मैती निवासियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए जाएं।रिपोर्टों के मुताबिक, मणिपुर में हिंसा के नतीजतन वह भागकर मिजोरम पहुंचे, बारह हजार से ज्यादा ईसाई कुकियों की खोज-खबर नहीं ली। अगले दिन टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बीरेन सिंह ने इंफाल में मीडिया से कहा, 'मुख्यतः कुकी दहशतगर्द हिंसा बंद करें, वरना उन्हें नतीजे भुगतने पड़ेंगे। मैं हथियारबंद मैतियों से अपील करता हूं कि वे कहीं भी हमले न करें और शांति बनाए रखें।' शब्दावली से भावार्थ बहुत स्पष्ट है। अल्टीमेटम जैसी भाषा में इस कड़वे सच की झलक नहीं मिलती कि मौके के हिसाब से दोनों पक्ष मारकाट कर रहे हैं। अलगाव की प्रबल भावना और धर्म-नस्ल के आधार पर खड़े किए गए आख्यान की यह अनिवार्य त्रासदी होती हमणिपुर में लगी आग ने पहली बार भारतीय सेना को परोक्ष रूप से किसी राजनेता का प्रतिवाद करने को बाध्य कर दिया। हिंदुस्तान टाइम्स की 31 मई की रिपोर्ट : चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि मणिपुर में झड़पों का संबंध उग्रवाद विरोधी कार्रवाई से नहीं है, यह मुख्यतः जातीय हिंसा है। तीन दिन पहले बीरेन सिंह ने कहा था, 'सुरक्षा बलों और उग्रवादियों में हुई मुठभेड़ में 40 कुकी मारे गए।' पहली बार यह भी हुआ कि सेना के अंदर मैती-कुकी को देखा जाने लगा। विविधतापूर्ण देश की सेना इस स्थायी एवं अपरिवर्तनीय सिद्धांत की याद दिलाने को मजबूर हुई कि भारतीय सेना के सभी रैंक नस्ल, जाति, मत, लिंग-भेद से मुक्त हैं। सेना ने उस वीडियो को भी जारी कर दिया, जिसमें महिलाओं का एक मोर्चाबंद समूह सैनिकों कों सशस्त्र उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से रोक रहा था। सेना महिलाओं पर गोली चला नहीं सकती थी, इसलिए उसे एक मैती उग्रवादी संगठन के 12 उग्रवादियों को छोड़ना पड़ा नासूर के फैलाव का यह परिणाम है कि भारत की भौगोलिक अखंडता की रक्षा में अंतिम अस्त्र सेना को निशाना बनाया जाने लगा। मणिपुर में सेना पर कीचड़ उछालने वाले भयानक देशद्रोह कर रहे हैं। यह वह सेना है, जिसकी बदौलत असम, नगालैंड, मिजोरम और मणिपुर भारत का अभिन्न अंग बने हुए हैं। मणिपुर पुलिस को मैती-कुकी आधार पर बांट दिया गया। अर्द्ध सैनिक बलों की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाए जाने लगे। सब कुछ बिखर जाए, तो पाकिस्तान और चीन के ही मंसूबे पूरे होंगे। मणिपुर में हिंसा के शुरुआती दौर में ही कथानक गढ़ा जाने लगा कि नशे के कारोबारी चोट पड़ने की वजह से हिंसा पर उतर आए हैं। इशारा कुकियों की ओर था। कुकी बहुल पहाड़ी जिले चूराचंद्रपुर का सीमावर्ती इलाका मोरेह तरह-तरह के काले कारोबार का गढ़ है। सुदीप चक्रवर्ती ने अपनी चर्चित पुस्तक द ईस्टर्न गेट में मोरेह प्रवास का आंखें खोल देने वाला विवरण दिया है। हेरोइन विक्रेता, एक मैती महिला ने उन्हें बताया कि लगभग 150 विक्रेताओं में बहुमत कुकियों का है, मगर इनमें करीब बीस फीसदी मैती हैं; इसके अलावा तमिल और अन्य जातीय लोग भी हैं। चक्रवर्ती बताते हैं कि कर्नाटक और तमिलनाडु के लाल चंदन को मोरेह लाकर म्यांमार और वहां से दक्षिण-पश्चिम चीन भेजा जाता है। भारत के पूर्वोत्तर की तुलना में वहां कीमत चार-पांच गुना हो जाती है। इस धंधे में लगे कुछ असरदार तमिलों की पहुंच पूर्वोत्तर से लेकर हजारों मील दूर दक्षिण भारत तक है। जाहिर है, अंतरराष्ट्रीय तस्कर इतने बड़े मकड़जाल को विशाल भू-भाग में विभिन्न स्तरों पर सरकारी मिलीभगत के बिना सुरक्षित नहीं रख सकते। जहरीली मानसिकता सिर्फ एक बिंदु को देखती है। तकरीबन शांत चल रहे मणिपुर में तीन मई को भड़की हिंसा के बाद कुकी मैतियों के साथ नहीं रहना चाहते। उधर मणिपुर के नगाबहुल, करीब एक तिहाई हिस्से पर नगालैंड की नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (आई-एम) पहले से ही दावा कर रही है। मणिपुर की भौगोलिक एकता पूरे भारत से जुड़ी हुई है। इसकी हिफाजत विभाजक मुद्दे उठाकर नहीं की सकती।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी विषयों में घुलेगी अब भारतीय ज्ञान की मिठास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश की नई पीढ़ी भारतीय ज्ञान से जुड़े उन सभी पहलुओं से अब परिचित होगी, जिन्हें प्राचीन या पिछड़ा हुआ मानकर भुला दिया गया था। इस दिशा में स्कूल शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक बड़ी पहल की गई है। इसमें मौजूदा समय में पढ़ाए जा रहे प्रत्येक विषय या कोर्स में अब भारतीय ज्ञान की उस मिठास को घोला जा रहा है, जो न सिर्फ नई पीढ़ी को भारतीय होने का गर्व कराएगी, बल्कि उनके ज्ञान को दुनिया में एक नई पहचान भी दिलाएगी।इस दिशा




में अलग- अलग स्तर पर कोशिशें शुरू हो गई है। इसमें इससे जुड़ी विषय वस्तु को कोर्स में शामिल करने के साथ शिक्षकों को भी इस लिहाज से तैयार किया जा रहा है कि वह किसी विषय को पढ़ाने के दौरान उससे जुड़े उदाहरण या जानकारी छात्रों को जरूर बताएं। फिलहाल इस दिशा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने अहम पहल की हैइसके तहत उनसे भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित एक पाठ्यक्रम भी डिजाइन किया है, जिसके महाभारत काल में कृषि और सिंचाई जैसी व्यवस्था, खगोल विज्ञान की वैदिक अवधारणाएं और वैदिक गणित, प्राचीन भारत की सुश्रुत संहिता में वर्णित की गई प्लास्टिक और मोतियाबिंद सर्जरी, रामायण काल में कृषि और सिंचाई की तकनीक आदि विषयवस्तु को भी प्रमुखता से जगह दी है।

# रामकथा ही बचपन को बुद्ध यौवन को शुद्ध और वृद्ध को तृप्त करती है - जगतगुरु रामभद्राचार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** श्री हनुमान सेवा न्यास और श्रीराम राज फाउंडेशन द्वारा जगतगुरु



रामभद्राचार्य द्वारा नोएडा स्टेडियम में संचालित श्री रामकथा का तीसरा दिन शाम 5 बजे से प्रारंभ हुआ। अवकाश का दिन होने के नाते पंडाल में अधिक भीड़ दिखाई दी मीडिया प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया की छुट्टी के दिन को देखते हुए अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है ताकि श्रद्धालुयों को कोई असुविधा न हो। मंच पर कथा दे पूर्व आज संगीत का कार्यक्रम रखा गया प्रसिद्ध भजन गायिका द्वारा भजन के पश्चात जगतगुरु के मंच पर आते ही श्रद्धालुओ द्वारा जय श्री राम और नमो राघवाय का उदघोष प्रारंभ हो गया। जगतगुरु ने कथा को प्रारंभ करते हुए हनुमान चालीसा की चौपाई दोहराते हुए कहा की भक्ति के लिए भगवान श्री राम से बड़ा आराध्य स्वरूप कोई नहीं जिसको स्वयं शिव पाँच बार प्रणाम करते हैं। कथा के दौरान सीता हरण के पश्चात श्री राम की व्याकुलता का वर्णन करते हुए बताया की किस प्रकार राम सीता की तलाश में जंगलों में भटक रहे थे और पशु पक्षियों से पूछ रहे थे हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी तुम देखी सीता मृगनयनी। श्रीराम कथा का विस्तार करते हुए जगतगुरु ने कहा कि भगवान भक्त के बिना और भक्त भगवान के बिना नहीं रह सकते हैं, और जहां भक्त में मन में भगवान हैं वही भारत है। कथा के तीसरे दिन जगतगुरु ने संगीतमय माहौल ने रामचरितमानस की चौपाइयों का व्याख्यान किया, जटायु की व्यथा राम की व्याकुलता का बड़ा मार्मिक वर्णन किया। श्रद्धालुओं को राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया और मताओं बहनों को सीता माँ के चरित्र का पालन करने का आदेश दिया गुरु जी ने कहा की मैं कोई वीआइपी नहीं हूँ मैं राम और राम के भक्तों का सेवक हूँ और यही जीवन की उपलब्धि है कथा में विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, शौर्य चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने मंच पर गुरु जी आशीष लिया।कथा के तीन दिन पूरे हो चुके हैं और चौथे दिन भी कथा पूर्व समयानुसार प्रारंभ होगी, आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आने और राम के नाम की महिमा को समझने का अनुरोध किया।

# शिक्षा में विशेष उपलब्धि के लिए नोएडा की प्रेरणा राय को बेस्ट प्रिंसिपल सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नई दिल्ली के डॉ अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान संत किशोरी शरण विद्या मंदिर नोएडा की गतिशील



और ऊर्जावान प्रधानाचार्या श्रीमति प्रेरणा राय को शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान विशेषकर ग्रामीण आँचल में हाशिये पर रहने वाली महिलाओं को बालिका शिक्षा व साक्षरता के माध्यम से आर्थिक व सामाजिक पुनर्जागरण एवं सशक्तिकरण के लिए उनके द्वारा किये गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए 'ग्लोबल एजुकेशन मेंटर बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड 202 से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को अनेक गणमान्य व्यक्ति व विभिन्न सेलेब्रिटीज़ ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से सुशोभित किया जिसमे मोदी कैबिनेट में अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉन बारला, शिक्षा राज्य मंत्री, सांसद मनोज तिवारी के अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव संदीप मारवाह, फाउंडर व चांसलर, एएएफटी यूनिवर्सिटी ऑफ मीडिया एंड आर्ट्स, मोटिवेशनल स्पीकर व ट्रेनर हिमेश मदान, श्रीमती शिवानी वज़ीर पसरीच, म्यूजिक कंपोजर सिंगर अखिल सचदेव आदि रहे।

# रघुवंशी स्वयं काल से भी नहीं डरते -जगतगुरु रामभद्राचार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** स्टेडियम में संचालित श्री राम कथा के दूसरे दिन जगतगुरु राम भद्राचार्य जी ने रघुकुल के रघुवंशियों की परंपरा और क्षत्रिय धर्म के पालन का विस्तृत व्याख्यान करते हुए कहा कि रघुवंशी कभी भी काल से भी नहीं डरते और यदि युद्धभूमि में काल भी ललकारे तो क्षत्रिय धर्म के अनुसार युद्ध अवश्य करेंगे। श्री राम के नाम से आज देश में हिंदुओ के महादशा का युग है और यह शताब्दी श्री राम की होगी। कथा कहते हुए जगतगुरु ने कहा की श्री राम ही ऐसे नायक हैं जिन पर कोई उँगली उठा ही नहीं सकता, गीत गाते हुए गाया की हम तो हिंदू है हिंदू ही कहलायेंगे और श्री राम के चरणों में ही वारे जाएँगे। स्पष्ट करते हुए जगतगुरू ने श्री राम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि कोई राजा राम जैसा न हुआ है न होगा और अगस्त संहिता में लिखा है की राम जैसा चरित्रवान 100 करोड़ चरित्रवान पर भी भारी है कथा के दौरान समान नागरिक संहिता एयर भारत के सिर्फ़ एक नाम को मान्यता देने की बात कही। कथा के दौरान राष्ट्र के मुद्दों पर भी जगतगुरु ने स्पष्ट व्याख्यान दिये और भारत को भारत के नाम से ही पुकारने की बात कही। कथा में हजारो श्रद्धालु



मंत्रमुग्ध होकर कथा सुनकर श्री राम के चरित्र में डूब गये, पूरा पंडाल पूरी तरह से भरा रहा और आने वाले समय में श्रद्धालुओं के बढ़ने की संभावना को देखते हुए आयोजकों ने तैयारियों की समीक्षा के लिए आपस में मीटिंग की। आज अपेक्षाकृत सुरक्षा व्यवस्था अधिक चाक चौबंद दिखाई दिये।

# फसलों के नुकसान का मुआवजा सरकार द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) की एक बैठक कुँवर गवेन्द्र सिंह भाटी की अध्यक्षता में गौतमबुद्ध नगर के जहांगीरपुर कस्बे में की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यमुना नदी में बाढ़ के कारण जिन किसानों को जो नुकसान हुआ है सरकार द्वारा उनको उचित मुआवजा दिया जाय और यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत जो कम्पनी आ रही हैं उनमें स्थानीय किसानों के बच्चों को नौकरी दी जाएं।किसानों की समस्याओं को लेकर काफी चर्चाएं हुई। बैठक का संचालन मुकेश भाटी ने किया।इस बैठक में देवन भाटी राज कुमार, धर्म सिंह, ललित तोमर, कपिल भाटी, नरेश भाटी, सुनील मीणा, मुकेश ठाकुर, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। और जहांगीरपुर कस्बे के धर्मेंद्र चौहान, लाल बहादुर शर्मा, सत्येंद्र कुमार, मा. राजकुमार सिंह, सोमवीर सिंह, सतवीर सिंह, एवं अन्य लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैप्टंस आफ इंडस्ट्री सम्मान से समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बुंदेलखंड।** समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए बुंदेलखंड से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने डॉ. संदीप सरावगी को कैप्टंस आफ इंडस्ट्री से किया सम्मानित कैप्टंस आफ इंडस्ट्री से सम्मानित विभूति देश का भविष्यः शिवराज सिंह चौहान चुनौतियों का सामना कर क्षेत्रों में विकास का रास्ता तैयार किया कैप्टंस नेः मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार शाम सामाजिक विकास की जो गति है, उसका भी श्रेय में उद्यमियों को ही दूंगा, क्योंकि आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुझे खुशी है कि अपने इन्हीं प्रयासों के कारण आपने यह मुकाम हासिल किया है। उद्योगपति प्रदेश की ताकत हैं। जब वे बेहतर काम करते हैं तो सरकार के पास सामाजिक क्षेत्र में और बेहतर काम की गुंजाइश बनती है। प्रदेश के समग्र विकास के लिए जितना जरूरी कृषि की प्रगति है, उतना ही जरूरी औद्योगिक विकास भी है। खेल और चिकित्सा क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। संघर्ष सेवा समिति में 12,000 से अधिक स्वयंसेवी अपना योगदान दे रहे हैं संघर्ष सेवा समिति भविष्य में कई महत्वकांक्षी योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु कार्य कर रही है। डॉ0 संदीप के समाजसेवी कार्यों को देखते हुए अमेरिका की रॉयल अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा भी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है यह पहला अवसर है जब बुंदेलखंड में किसी व्यक्ति को किसी




कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हाल) पुरानी विधानसभा भोपाल में आयोजित कैप्टंस आफ इंडस्ट्री सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए अग्रणी उद्यमियों, उद्योगपतियों एवं बुंदेलखंड से उत्कृष्ट कार्य के लिए समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी को कैप्टंस आफ इंडस्ट्री ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस गौरावित कर देने वाले यादगार क्षण पर जीवन संगिनी सपना सरावगी एवं सुपुत्र ऐश्वर्य सरावगी मंच पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर हमको आर्थिक विकास करना होगा वहीं सामाजिक क्षेत्र में काम करके प्रदेश के सामने मौजूद चुनौतियों को दूर करना होगा। हमने ऐसा किया भी है चुनौतियों का सामना करके विकास का रास्ता बनाया है। आर्थिक और मैं आपका अभिनंदन करने इसलिए आया हूं, क्योंकि आपके प्रयासों और प्रगति से प्रदेश और सरकार को शक्ति मिलती है। इसी कार्यक्रम में झांसी जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी जो समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रूप से कार्य कर रहे हैं संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों में भी किए गए कार्यों को देखते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सम्मानित कर प्रशंसा की गई। इसके पूर्व भी गुजरात के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री द्वारा, महाराष्ट्र के राज्यपाल द्वारा एवं राष्ट्रीय स्तर पर राजीव गांधी नोबेल अवार्ड सहित कई अन्य सामानों से विभूषित किया जा चुका है। संघर्ष सेवा समिति समाजसेवा के साथ पर्यावरण, शिक्षा, विदेशी विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया हो। सांस्कृतिक क्षेत्र में भी संघर्ष सेवा समिति लगातार कार्य कर रही है कुछ समय पूर्व राम राजा की नगरी ओरछा में 11000 कन्याओं को भोज करा कर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। डॉ0 संदीप का कहना है समाज सेवा औपचारिकता मात्र नहीं है अपितु ईश्वर द्वारा दिया गया वह वरदान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर पा रहे हैं आपके द्वारा किए गए हर अच्छे कार्य का प्रतिफल आपको इसी जीवन में प्राप्त होता है प्रत्येक वह व्यक्ति जो दूसरे की सहायता करने में सक्षम है उसे अवश्य ही समाज सेवा से पीछे नहीं हटना चाहिये।

# कन्वेंशन सभी धर्मों के सम्मान और अंतरधार्मिक सद्भाव का आह्वान करता है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** स्वीडन में कुरान जलाने की हालिया घटना ने विश्व स्तर पर मुसलमानों को काफी चिंता में डाल दिया है, ऐसे में ब्रिटेन की सबसे



बड़ी वार्षिक मुस्लिम सभा का इस समय होना विशेष महत्व रखता है।स्वीडन में हाल ही में पवित्र ग्रंथों के अपमान के मद्देनजर सम्मान और शांति का आह्वान करने के लिए हडर्सफ़ील्ड के अहमदी मुसलमान ने 28जुलाई से 30 जुलाई तक एक सालाना जलसा का आयोजन करने जा रही है।इस सालाना जलसे मे अंग्रेजी एवं ग्रामीण इलाकों से हजारों सदस्यों के इकठ्ठा होंगे। इस सालाना जलसे के खास बात यह है कि रविवार 30 जुलाई को चालीस हजार अहमदी मुस्लिम शारीरिक रूप से एक मानव श्रृंखला बनायेंगे। जो एल्टन, हैम्पशायर में 210 एकड़ की ज़मीन पर फैलेगी।इस मानव श्रृंखला में उपस्तिथ लोग शांति को बढ़ावा देने और किसी भी प्रकार के अतिवाद की निंदा करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करेंगे। यह विविध पृष्ठभूमि के लोगों से बातचीत, शिक्षा और अज्ञानता और नफरत से निपटने के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपील है।इस स्मारकीय सम्मेलन में एक साथ आकर, अहमदिया मुस्लिम समुदाय अन्य लोगों को सभी प्रमुख धर्मों के आस्था नेताओं की उपस्थिति के साथ सम्मान, समझ और करुणा का माहौल बनाने में शामिल होने के लिए आमंत्रित करताहै।अहमदिया मुस्लिम समुदाय के विश्व प्रमुख, परम पावन हज़रत मिर्ज़ा मसरूरअहमद ने कहा हैः‟सच्चाई यह है कि स्वीडन और अन्य पश्चिमी देशों में अधिकांश लोग इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं से अनभिज्ञ हैं और यह चरमपंथियों को अपने झूठे प्रचार के लिए पवित्र कुरान की व्यक्तिगत आयतों को पूरी तरह से संदर्भ से बाहर ले जाने में सक्षम बनाता है। जो लोग इस तरह के घृणित कार्य करते हैं उन्हें इस्लाम के बारे में या पवित्र कुरान के बारे में कोई जानकारी नहीं है।अगर हम वास्तव में दुनिया में शांति चाहते हैं, तो हमें अपने शब्दों और कार्यों के परिणामों के बारे में सोचना होगा। हमें दूसरों की मान्यताओं और मूल्यों का सम्मान करने की आवश्यकता है। यह बाधाओं को तोड़ने और दुनिया के कई हिस्सों में खड़ी की गई दुश्मनी और नाराजगी की दीवारों को गिराने का तरीका है। निश्चित रूप से, शांति स्थापित करना समय की सबसे महत्वपूर्ण एवं तात्कालिक आवश्यकता है। अहमदिया मुस्लिम एसोसिएशन हडर्सफील्ड के विदेश सचिव फातिहुलहक ने कहाः ‟समुदाय का जलसा सलाना संबंधों को नवीनीकृत करने और हमारे विश्वास को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।‟एक साथ मिलकर, हम सभी को एक ऐसे समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो धार्मिक स्वतंत्रता, आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को महत्व देता है। कार्रवाई का आह्वान दुनिया भर में व्यक्तियों और समुदायों से कट्टरता के कृत्यों को अस्वीकार करने और अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करने का आग्रह करता है।तीन दिवसीय आध्यात्मिक सम्मेलन में आस्था, राजनीतिक और नेता जलसा को संबोधित करेंगे जो शांति का प्रतीक है।जलसा की प्रमुख विशेषताएं57 वष. 'ब्रिटेन में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मुस्लिम सम्मेलन।प्रधान मंत्री, पार्टी नेताओं, मंत्रियों और धार्मिक नेताओं के समर्थन के संदेश

# नोएडा के हर बूथ पर सुन प्रधानमंत्री की मन की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम हुआ। भाजपा ने इस कार्यक्रम को नोएडा में अपने हर बूथ पर मनाया जिसमें हर बूथ पर मन की बता को सुना गया। इस मौक़े पर कंचनजंगा सोसाइटी सेक्टर 53 पर श्री संजय राय प्रदेश महामंत्री रहे। नोएडा सांसद डॉ महेश शर्मा सेक्टर 121 स्थित होम्स लाउन्ज सोसाइटी में रहे। ज़िला अध्यक्ष मनोज गुप्ता सेक्टर 48 में रहे। इसके साथ ही गोपाल कृष्ण अग्रवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा, श्रीमती कविता मादरें, क्षेत्रीय मंत्री, श्रीमती बिमला बाथम भी नोएडा के अलग अलग सेक्टर में रहे। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, पिछले कुछ दिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण चिंता और परेशानी से भरे रहे हैं। यमुना जैसी कई नदियों में बाढ़ आने से कई जगहों पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं भी हुई हैं। हमने इनका मिलकर मुकाबला किया. पीएम ने कहा, सर्वजन हिताय ही भारत की भावना और ताकत है। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में बने पौधारोपण के रिकॉर्ड की चर्चा की. पीएम मोदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के अभियान के तहत एक दिन में 30 करोड़ पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया. पीएम मोदी ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम जनभागीदारी के बिना नहीं हो सकते।पीएम मोदी ने बताया कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर अद्भुत क्रेज दिखा. अमेरिका ने हमें कुछ दुर्लभ कलाकृतियां वापस लौटाई हैं. इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इन कलाकृतियों को लेकर खूब चर्चा हुई. युवाओं में इन कलाकृतियों को लेकर गर्व का भाव दिखा. भारत लौटी ये कलाकृतियां ढाई हजार साल से लेकर ढाई सौ साल तक पुरानी है. पीएम मोदी ने इन कलाकृतियों को लौटाने के लिए अमेरिका का आभार भी जताया.पीएम मोदी ने बताया, मुझे उन मुस्लिम महिलाओं से भी बड़ी संख्या में पत्र मिले हैं जो हाल ही में 'हज' पूरा करके लौटी हैं. इन महिलाओं ने बिना किसी पुरुष साथी या 'मेहरम' के 'हज' किया. इनकी संख्या सिर्फ 50 या 100 नहीं बल्कि 4,000 से ज्यादा है. यह एक बहुत बड़ा बदलाव है, पहले मुस्लिम महिलाओं को बिना किसी 'मेहरम' के 'हज' करने की अनुमति नहीं थी. मैं मेहरम के बिना हज करने वाली मुस्लिम



महिलाओं के लिए महिला समन्वयक नियुक्त करने के लिए सऊदी अरब सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। समस्त नोएडा के हर बूथ पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे जिससे सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता रहे और सब एक साथ मन की बात को सुने। आज के कार्यक्रम में महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, गिरिजा सिंह, गिरीश कोटनाला, सुचित्रा कक्कड़, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, प्रमोद बहल, चमन अवाना, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, अशोक मिश्रा, लोकेश कश्यप, कल्लू सिंह, बबलू यादव, पंकज झा, सूरज पाल राणा, हर्ष चतुर्वेदी, अमरीश त्यागी, ओम यादव, रचना शर्मा, मोहित शर्मा, श्रीमती संतोष सिंह, श्रीमती अनुराधा ध्यानी आदि लोग मौजूद रहे।

# पंजाबी एकता समिति की मासिक बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** पंजाबी एकता समिति की मासिक बैठक वेडिंग विला सेक्टर 51 में हुई जिसमें मं संचालन चेयरमैन संजीव पुरी के द्वारा किया गया। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए जिन सदस्यों ने तन -मन -धन से सहयोग




दिया उनको अध्यक्ष विरेंद्र मेहता व सभी संरक्षक एवं पदाधिकारियो के द्वारा प्रशंसनीय पत्र दिये गये। महासचिव नरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि नोएडा पंजाबी एकता समिति (पंजी) के सभी संस्थापक सदस्यों की सहमति के : ान घाट को रेफ्रिजरेटर मोर्चरी बॉक्स उपलब्ध करवाएगी। बैठक में संरक्षक अश्विनी छाबड़ा, जसविंदर सिंह खोखर जी सतपाल सचदेवा जी और एसपी आनंद जी व चेयरमैन संजीव पुरी,अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, महासचिव नरेंद्र चोपड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी कालरा, कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा, उपाध्यक्ष विनीत मेहता,नवीन सोनी सचिव अजय मेहता, कार्यकारिणी सदस्य अतुल सहगल,सुनील मेहता, पवन विज,केके अरोड़ा, अशोक डांग,सुरेश बंसल, सुभाष जैन, सुभाष मेहता,संजय खत्री आदि उपस्थित थे।

# युवा संस्कार अभियान चलाएगा आर्य समाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व अन्तरंग सभा की बैठक आर्य समाज अशोक विहार में आयोजित की गई। बैठक में श्रावणी पर्व पर 12 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक ठयुवा संस्कार 10,000 युवाओं को यज्ञोपवीत धारण करवाया जायेगा।यज्ञ,भजन व वैदिक विद्ववानों के प्रवचन होंगे। जिससे नयी युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से परिचित हो सके।आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की और अग्रसर हो रही है उन्हें अपनी गौरव



अभियानठ चलाने के अंतर्गत यज्ञ,भजन प्रवचन के साथ दस हजार युवाओं को यज्ञोपवीत धारण करवाया जाएगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्य युवक परिषद् युवाओं के चरित्र निर्माण के लिये युवा संस्कार अभियान चलायेगी, मिशन 25 के अन्तर्गत 12 से 25 वर्ष तक के लगभग शाली संस्कृति से परिचय करवाया जाए जिससे वह अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकें। उन्हे मातृ पितृ भक्त,ईश्वर भक्त, देश भक्त बनाने के संस्कार दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि यज्ञ समर्पण का दूसरा नाम है यज्ञ स्वयं जल कर प्रकाश करने का नाम है यह त्याग बलिदान की प्रेरणा देता है। वैदिक विद्वान प्रेम पाल शास्त्री ने कहा कि युवाओं को सुसंस्कारित करने के पश्चात उनकी निगेहबानी भी करें,आर्य समाज के साथ जोड़े। मेट्रोपोलेटिन मजिस्ट्रेट ओम सपड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा आर्य समाज के पास सिद्धांतों की कमी नहीं है, आवश्यकता है उसे जन जन तक पहुंचाने की। गाजियाबाद में राजेन्द्र नगर, इन्द्रापुरम,दयानन्द नगर सहित एनसीआर में लगभग 100 विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर आर्य नेता योगेन्द्र शास्त्री (हरियाणा),अमर सिंह, दुर्गेश कुमार,भोपाल सिंह, नेत्रपाल आर्य,अशोक शास्त्री (फरीदाबाद), राकेश शास्त्री, सोनिया संजू, देवव्रत आर्य,राधा कांत,मास्टर विजेंद्र जी,सुरेश आर्य,परवेश त्यागी, केएल राणा,कमल आर्य (नोएडा),सुरेश प्रसाद गुप्ता, त्रिलोक शास्त्री,दुर्गेश आर्य,धर्म पाल आर्य, यशोवीर आर्य,आर्य नेत्री राज रानी प्रिंसिपल गीता पब्लिक स्कूल,दशरथ भारद्वाज, राधा भारद्वाज,राम कुमार आर्य, वीरेन्द्र योगाचार्य आदि ने भी अपने विचार रखे। मंच का कुशल संचालन राष्ट्रीय मंत्री डीके भगत ने किया। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# महिला उन्नति संस्था की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडी।** महिला उन्नत संस्था की जिला स्तरीय बैठक कार्तिक कुंज सोसायटी डी ब्लॉक सेक्टर 44 नोएडा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक मे महिलाओं और बच्चियों की शिक्षा-सुरक्षा एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमे लगातार समय समय पर कार्य जारी रखने की चर्चा हुई।संस्था के संस्थापक डॉक्टर राहुल वर्मा ने पूर्व में किये कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि हमे अधिक से अधिक नियुक्ति कर संगठन का विस्तार करना है। कोऑर्डिनेटर मनोज झा जी ने मिशन शक्ति अभियान को गांव गांव एवं घर घर पहुंचाने पर जोर दिया, जिला अध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने महिलाओं और बचियो की सुरक्षा के लिए जगह जगह जागरूकता शिविर लगाये जाने की बात कही, बैठक में नोएडा महानगर अध्यक्ष कविता सिंह ने कहा कि संगठन का विस्तार कर हर कार्य को गति दी जाएगी। इस बैठक में मीना गौतम, जिला सचिव, गुड़िया सिंह, जिला उपाध्यक्ष, उमा जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष, ज्योति सक्सेना उपाध्यक्ष एवं नोएडा देहात इकाई के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# स्पेनिश हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन, नीदरलैंड के साथ 1-1 से खेला ड्रा मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के एक कड़े मुकाबले में



नीदरलैंड के साथ 1-1 से ड्रा मैच खेला। टीम ने 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2023 के एक बेहद संघर्षपूर्ण मैच में जीत हासिल की। भारत अपने शुरुआती मैच में मेजबान स्पेन से हार गया था, लेकिन बुधवार को उसने शानदार प्रदर्शन करते हुए वापसी की। इन-फॉर्म कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट में भारत के लिए एकमात्र गोल किया और जैस्पर ब्रिंकमैन ने 40वें मिनट में नीदरलैंड के लिए गोल करते हुए मैच बराबरी पर खत्म किया। भारत ने शुरुआत में आक्रमक तरीके से खेला। भारत ने सर्कल में मौके बनाए और आखिरकार जब टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला तो उन्होंने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। हालांकि डच पक्ष ने मैच का पहला पीसी अर्जित किया, लेकिन फ्लिक को पोस्ट के बाईं ओर खींच लिया गया। भारत ने कोई गलती न करते हुए 12वें मिनट में पहला गोल किया। हरमनप्रीत गाने ने बेरहमी से गेंद को डच गोलकीपर के पास पहुंचा दिया। पहले क्वार्टर में 1-0 की बढ़त से भारत की कमान संभाली। भारत ने भी लगातार दो पीसी अर्जित करके डच गोलकीपर मॉरिटिस विसर को व्यस्त रखा, लेकिन वह अपनी बढ़त बनाने में असमर्थ रहे। हॉफ टाइम तक आगे रहा भारत- हाफ टाइम तक हल्की बढ़त से आगे बने रहने के कारण भारत अपने लक्ष्य को हासिल करने में अधिक आश्वस्त दिख रहा था। ऐसे में डच अपने पहले गोल की तलाश में थे। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत दोनों टीमों ने एक-एक पीसी जीतकर की। अंत में अनुभवी ड्रैगफ्लिकर जैस्पर ब्रिंकमैन ने पीसी को गोल में बदलने के शानदार प्रयास से स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंतिम मिनटों में भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में बेहतरीन जवाबी हमला किया, लेकिन गेंद को लर्कल तक नहीं पहुंचा सकी। और दोनों टीमें बढ़त बनाने के लिए जोर लगा रही थीं।

# शार्दुल ठाकुर की इस हरकत पर जमकर भड़के कप्तान रोहित शर्मा वेस्टइंडीज ने मौके का उठाया फायदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बारबाडोस में कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने सीरीज के पहले मैच थे।वेस्टइंडीज कप्तान ने उठाया फायदा- रोहित शार्दुल पर तब गुस्सा हो गए, जब वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने शार्दुल की वनडे में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनकर उभरे कुलदीप ने एक ही ओवर में 6 रन लुटाए। कुलदीप के अगले दो ओवर मेडन रहे, जिससे स्टार



को कम स्कोर वाले मुकाबले में बदल दिया। भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर मैदान पर रोहित शर्मा को कड़ी चुनौती दे रहे थे। दरअसल वेस्टइंडीज की पारी के 19वें ओवर में शार्दुल मिड-ऑफ पर फील्डिंग कर रहे थे और इस समय कप्तान रोहित शर्मा उन पर काफी भड़क गए क्योंकि वह फील्डिंग में लापरवाही बरत रहे खराब फील्डिंग के चलते कुलदीप यादव के पहले ओवर में अतिरिक्त रन लेने का मौका मिला। रोहित इसके बाद शार्दुल पर भड़क गए और उन्होंने केंसिंग्टन ओवल में मैच के दौरान भारतीय ऑलराउंडर को खराब फील्डिंग के बारे में भी सुनाया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।पहले गेंदबाज ने मेजबान टीम की बल्लेबाजों की कमर तोड़ क रख दी। तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में कुलदीप और जडेजा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। कुलदीप (4/6) और जडेजा (3/37) की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी वनडे में सात विकेट या उससे अधिक लेने वाले भारतीय बाएं हाथ के स्पिनरों की पहली जोड़ी बन गई है।

# ओलंपिक में पदक जीतने वाले रवि दहिया के घुटने का दोबारा हुआ ऑपरेशन, एशियाई खेलों के ट्रायल से हुए थे बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनीपत।** ओलिंपियन रवि दहिया ने घुटने का दोबारा ऑपरेशन कराया है। एशियन गेम्स के ट्रायल के दौरान के लिए मुंबई के लिए रवाना हो गए थे। अब बुधवार शाम को डाक्टर ने उनके घुटने का दोबारा ऑपरेशन किया है। 22 व 23 जुलाई को दिल्ली असल बात थी उनका चोटिल होना। सभी को पता था कि रवि दहिया घुटने की चोट से जूझ रहे हैं और काफी समय से मैट से दूर हैं। पिछले



लिगामेंट की चोट दोबारा खुल जाने के कारण रवि दहिया ट्रायल में हार गए थे। वे सोमवार को ही घुटने का ऑपरेशन कराने के लिए मुंबई के लिए रवाना हो गए थे। अब बुधवार शाम को डॉक्टर ने उनके घुटने का दोबारा ऑपरेशन किया है। कई दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्हें छुट्ट्री मिलेगी। ओलिंपियन रवि दहिया ने घुटने का दोबारा ऑपरेशन कराया है। एशियन गेम्स के ट्रायल के दौरान लिगामेंट की चोट दोबारा खुल जाने के कारण रवि दहिया ट्रायल में हार गए थे। वे सोमवार को ही घुटने का आपरेशन कराने के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडिम में एशियन गेम्स के ट्रायल का आयोजन किया गया था। इसमें रवि दहिया को महाराष्ट्र के एक पहलवान ने हराकर टीम से बाहर कर दिया था। रवि दहिया की यह हार किसी को भी हजम नहीं हो पा रही थी। लोग हैरान थे कि स्टेमिना किंग के नाम से मशहूर रवि दहिया हार कैसे गए, क्योंकि उनसे सभी मेडल की उम्मीद थी। पूर्व में हुए मुकाबलों में कोई भी पहलवान रवि दहिया से कुश्ती के दौरान उनसे दो अंक से अधिक हासिल नहीं कर पाया है, लेकिन उनकी हार से उनके प्रशंसक मायूस हो गए लेकिन दिनों उनहोंने बेंगलुरु में घुटने का आपरेशन कराया था। डाक्टर ने उन्हें कुछ दिन कुश्ती से दूर रहने और आराम करने की सलाह दी थी लेकिन एशियन गेम्स का ट्रायल नजदीक आने के कारण उन्हें मैट पर उतरना पड़ा। इससे उनकी चोट ठीक नहीं हो पाई और ट्रायल के दौरान उनकी चोट खुल गई। सोमवार को ही वे मुंबई के लिए रवाना हो गए थे। अब बुधवार को मुंबई के एक अस्पताल में उनके घुटने का दोबारा आपरेशन किया गया है। रवि दहिया कुछ दिन अब कुश्ती से दूर रहेंगे।

# करारी शिकस्त मिलने पर भड़के कप्तान शाई होप, मैच के बाद इन पर जमकर निकाला अपना गुस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारत ने पहले वनडे मैच में वेस?टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की स्पिन के जाल में फंस कर वेस्टइंडीज की पारी चकरा गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 23 ओवर में ऑल आउट हो गई। हार के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप मौका दे सकते हैं और मुझे उम्मीद है कि वह लगातार मजबूत होता जाएगा। भारतीय गेंदबाजों ने इस सतह पर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की।ठ भारत ने 1-0 की बनाई बढ़त गौरतलब हो कि भारत के कप?तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने पहले



खिलाड़ियों के प्रदर्शन से नाखुश दिखे। मैच प्रजेंटेशन के दौरान वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा, ठज्यादा शब्द दिमाग में नहीं आते। हम उस तरह से नहीं खेले जैसा हमें चाहिए था, हमें इस तरह की कठिन पिचों पर स्कोर करने के तरीके खोजने होंगे। मैं कोई बहाना नहीं बना रहा हूं, लेकिन क्रिकेट देखने वाला कोई भी व्यक्ति देख सकता है कि यहां क्या हो रहा है। जेडेन सील्स के बारे में शाई होप ने कहा, ठवह एक गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ी है, जिस पर हम भरोसा जताकर आगे बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 114 रन ही बना सकी। कप्तान शाई होप ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। भारत की तरफ से कुलदीप ने 6 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। वहीं, रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। वहीं, भारतीय टीम ने पांच विकेट खोकर मैच जीत लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन ने 52 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ ही भारत तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। सीरीज का दूसरा मैच 29 जुलाई को खेला जाएगा।

# कुलदीप और जडेजा ने रचा इतिहास, भारत के लिए यह कारनामा करने वाली बनी पहली बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने पहले वनडे मैच में वेस?टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। बारबाडोस में खेले गए इस मैच में कुलदीप यादव और रवींद्र बता दें कि मैच के दौरान कुलदीप और जडेजा की जोड़ी ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया है। वह भारत की पहली बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी बन गई है, जिसने





जडेजा की स्पिन के जाल में फंस कर वेस्टइंडीज के बल्लेबाज चकरा गए। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम मात्र 23 ओवर में ऑल आउट हो गई। कुलदीप यादव ने चार बल्लेबाजों को आउट किया। वनडे मैच में 7 विकेट लेने का कमाल कर दिखाया है। जडेजा और कुलदीप ने मिलकर नौ ओवर में 43 रन खर्च करते हुए वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। कुलदीप के स्पिन का जादू कैरेबियाई बल्लेबाजों के सिर चढ़कर बोला। कुलदीप ने 3 ओवर में 2 मेडन और 6 रन देकर चार विकेट चटकाए। कुलदीप ने कप्तान शाई होप, डोमिनिक ड्रेक्स, वाई कैरिया और जेडेन सील्स को अपना शिकार बनाया। वहीं, जडेजा ने 6 ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

# लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के लिए खेलते हुए हासिल की खास उपलब्धि 100वीं टीम के खिलाफ दागा गोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक और माइलस्टोन हासिल कर लिया है। मेसी ने अपने 20 साल के करियर में की शुरुआत तक ग्रैंडोली नेवेल्स ओल्ड बॉयज और बार्सिलोना जैसे क्लबों के लिए खेला। मेस्सी ने 2003 में बार्सिलोना सी के लिए डेब्यू किया। 10 मैचों में पांच गोल किए। 2003- 2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2020-21 सीजन में बार्सिलोना के साथ 7 कोपा डेल रे ट्रॉफियां भी जीतीं।बार्सिलोना के साथ जीते गए अन्य प्रतियोगिताओं में तीन फीफा



100वीं टीम के खिलाफ गोल दागा। लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के लिए खेलते हुए यह कारनामा अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ किया। अटलांटा 100वीं ऐसी टीम बनी, जिसके खिलाफ मेसी ने गोल दागा है। बता दें कि सात बार के बेलोन डी'ओर विजेता ने 1990 के दशक की शुरुआत से 2000 की शुरुआत तक ग्रैंडोली, नेवेल्स ओल्ड बॉयज और बार्सिलोना जैसे क्लबों के लिए खेला। मेस्सी ने 2003 में बार्सिलोना सी के लिए डेब्यू किया। 10 मैचों में पांच गोल किए। 2003-04 तक बार्सिलोना बी के साथ एक साल के लंबे कार्यकाल के बाद, मेसी ने 16 नवंबर, 2003 को 16 साल की उम्र में कैटलन दिग्गजों की सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया। सात बार के बेलोन डीओर विजेता ने 1990 के दशक की शुरुआत से 2000 04 तक बार्सिलोना बी के साथ एक साल के बाद 2003 को 16 साल की उम्र में कैटलन दिग्गजों की सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया। मेसी ने 2004-05 सीजन के अंत में ला लीगा में अल्बासेटे के खिलाफ अपने गोल का खाता खोला। उन्होंने 2021 तक लगभग दो दशकों तक कैटलन दिग्गजों के लिए खेला। 520 मैच में 474 गोल किए। बार्सिलोना के साथ, उन्होंने 2004-05, 2005-06, 2008-09, 2009-10, 2010-11, 2012-13, 2014-15, 2015-16, 2017-18 और 2018-19 में स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता ला लीगा जीती। उन्होंने 2005-06, 2008-09, 2010-11 और 2014-15 सीजन में बार्सिलोना के साथ चार यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीते। 'ला पुल्गा' ने 2008-09, 2011-12, 2014-15, क्लब विश्व कप (2009, 2011 और 2015), तीन यूईएफए सुपर कप खिताब (2009, 2011 और 2015) और सात स्पेनिश सुपर कप खिताब (2006, 2009, 2010, 2011, 2013, 2016 और 2018) शामिल हैं। उन्होंने क्लब के साथ अविश्वसनीय 34 खिताब जीते। एक ही सीजन में तीन प्रमुख खिताब जीतने का एक अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया है। बार्सिलोना के साथ एक शानदार करियर के बाद, वह 2021 में फ्रांसीसी फुटबॉल की दिग्गज कंपनी पेरिस सेंट-जर्मन में शामिल हो गए। पीएसजी के लिए, मेस्सी ने 58 मैच खेले और कुल 22 गोल दागे। इसके अलावा, पेरिस के फुटबॉल दिग्गजों के साथ, मेसी ने 2021-22 और 2022-23 सीजन में दो लीग 1 खिताब जीते। उन्होंने 2022 में क्लब के साथ ट्रॉफी डेस चैंपियंस का खिताब भी जीता।

# राशिफल

**मेष-:**आप आने वाले दिनों की प्लानिंग करेंगे। आज मेहनत आपको पॉज़िटिव रिज़ल्टस दिलाएगी। बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। किस्मत आपके साथ रहेगी।

**वृष-:**इस सप्ताह अपने निर्णयों पर दृढ़ रहें और दूसरों के विचारों से प्रभावित ना हों। अच्छा होगा कि आप अपने ही विचारों को सुने। किसी भी व्यक्ति को अपने ऊपर उसके विचार थोपने ना दें।

**मिथुन-:**किसी ऊँचे और ख़ास इंसान से मिलते समय घबराएँ नहीं और आत्मविश्वास बनाए रखें। यह सेहत के लिए उतना ही ज़रूरी है, जितना काम-धंधे के लिए पैसा।

**कर्क-:**इस सप्ताह जीवनसाथी के साथ विदेश यात्रा का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के संगीतकार या वेब डिजाइनर्स के करियर में आज राजयोग की स्थिति बन रही है।

**सिंह-:**किसी विवाद से बचें। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजमर्रा की समस्याएं आसानी से सुलझ सकती हैं। महत्वपूर्ण फैसले लेना चाहते हैं, तो आज ले सकते हैं।

**कन्या-:**इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।

**तुला-:**नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।

**धनु-:**नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मकर-:**परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ-:**मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**मीन-:**पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।






# भारत-पाक के अलावा कुछ मैचों की बदल सकती है तारीख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बड़ी मुश्किल से 27 जून को वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित हुआ था, लेकिन अब उसमें भी कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। इसमें 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला



भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल है। इस साल वनडे विश्व कप भारत के 10 शहरों में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। दो शहरों गुवाहाटी और तिरुअनंतपुरम में अभ्यास मैच खेले जाएंगे। सूत्र ने कहा कि अगर नवरात्र के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच मैच एक दिन पहले 14 अक्टूबर को खेला जाएगा तो फिर पाकिस्तान को आपत्ति होगी, क्योंकि उसे इससे पहले 12 तारीख को हैदराबाद में श्रीलंका से भिड़ना है।

# रोहित शर्मा ने क्यों नहीं की पहले वनडे में ओपनिंग मैच जीतने के बाद खुद कप्तान ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने पहले वनडे मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा



दिया। ईशान किशन ने अर्धशतकीय पारी खेली। बारबाडोस में तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे खेला गया। मैच के बाद रोहित ने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। साथ ही सात नंबर पर बल्लेबाजी करने आने के राज से पर्दा उठाया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, ठईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता था कि पिच ऐसे टर्न करेगा। हम तो गेंदबाजों को मौका देने के लिए पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। मुझे लगा था कि इस पिच पर तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है।रोहित ने डेब्यू के दिनों को किया याद सात नंबर पर बल्लेबाजी करने आने के सवाल पर रोहित ने कहा, ठकम स्कोर के बाद हम बल्लेबाजी में भी सबको मौका देना चाहते थे। मैं अपने डेब्यू मैच में नंबर सात पर बल्लेबाजी करने वाला था, मुझे आज अपने डेब्यू की याद आ गई। मुकेश ने टेस्ट में भी अच्छी गेंदबाजी की थी, वनडे में भी उनको अच्छा करता देख अच्छा लगा। वह दोनों तरफ गेंद को स्विंग कराते हैं।ठबता दें कि भारत के कप?तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 114 रन ही बना सकी। शाई होप ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। भारत की तरफ से कुलदीप ने 6 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। वहीं, रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले।भारत ने बनाई 1-0 की बढ़त वहीं, भारतीय टीम ने पांच विकेट खोकर मैच जीत लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन ने 52 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ ही भारत तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। सीरीज का दूसरा मैच 29 जुलाई को खेला जाएगा।


# 2 हजार करोड़ के पार पहुंची 'ओपेनहाइमर'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी फिल्म 'ओपेनहाइमर' की रिलीज को एक हफ्ता पूरा हो चुका है। 21 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस बायोपिक को इंडिया में टक्कर देने के लिए रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' थिएटर में रिलीज हो चुकी है। सिलियन मर्फी स्टारर इस फिल्म को इंडिया में हिंदी और इंग्लिश दो भाषाओं में रिलीज किया गया। शुक्रवार को रिलीज हुई रणवीर-आलिया की पारिवारिक फिल्म के आने से 'ओपेनहाइमर' की इंडियन बॉक्स ऑफिस की कमाई पर कितना असर पड़ा और वर्ल्डवाइड फिल्म ने अब तक कितनी कमाई की, यहां पर पढ़ें पूरी रिपोर्ट। क्रिस्टोफर नोलन की जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की बायोपिक की एडवांस बुकिंग काफी अच्छी थी, जिसका फायदा इस हॉलीवुड फिल्म को फर्स्ट डे कलेक्शन में मिला। पहले ही दिन सिलियन मर्फी की फिल्म ने इंग्लिश में 12 करोड़ और हिंदी में 1.75 करोड़ के आसपास शुरुआत की। हालांकि, 1 हफ्ते के अंदर ही हिंदी भाषा में फिल्म का सिंगल डे कलेक्शन लाखों में पहुंच चुका है, लेकिन इंग्लिश में इस फिल्म ने अपनी पकड़ अब भी मजबूत बनाई हुई है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज से 'ओपेनहाइमर' के कलेक्शन पर कुछ खास असर नहीं पड़ा है। 7वें दिन यानी कि गुरुवार को इस फिल्म ने हिंदी भाषा में टोटल 58 लाख के करीब और इंग्लिश भाषा में टोटल 4.79 लाख के करीब सिंगल डे का कारोबार किया। दुनियाभर में 2 हजार करोड़ की 'ओपेनहाइमर'' ने की कमाई ओपेनहाइमर ने इंडिया में अब तक टोटल 73.27 करोड का बिजनेस किया है। यानी कि फिल्म ने हिंदी और इंग्लिश भाषा को मिलाकर गुरुवार को सिंगल डे पर इंडिया में लगभग 5 करोड़ के करीब का बिजनेस किया है।इंडिया में तो क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म का प्रदर्शन शानदार है, लेकिन वर्ल्डवाइड भी ये फिल्म एक हफ्ते में 2 हजार करोड़ का आंकड़ा पार करने में सफल रही है। ओपेनहाइमर ने एक हफ्ते के साथ ही वर्ल्डवाइड 2050 करोड़ कमा लिए हैं।




# इंडियन 2 की रिलीज से पहले ही शुरू हो चुकी है इंडियन 3 की शूटिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन की सीक्वल फिल्म इंडियन 2 पर अभिनेता कमल हासन पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद फिल्म को कुछ वित्तीय संकटों का भी सामना करना पड़ा, जिसके बाद कुछ समय के लिए फिल्म पर काम रोकना भी पड़ा। साल 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन की सीक्वल फिल्म इंडियन 2 पर अभिनेता कमल हासन पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद फिल्म को कुछ वित्तीय संकटों का भी सामना करना पड़ा जिसके बाद कुछ समय के लिए फिल्म पर काम रोकना भी पड़ा। हालांकि अब इंडियन 2 की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन पर काम जारी है। हालांकि, अब इंडियन 2 की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन पर काम जारी है। इस फिल्म को अगले साल गर्मियों में प्रदर्शित करने की योजना है। अब खबर है कि इंडियन फिल्म फ्रेंचाइजी को सिर्फ दो फिल्मों तक सीमित न रखकर तीन फिल्मों तक आगे बढ़ाया जा रहा है। सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक शंकर और अभिनेता कमल हासन इंडियन 2 और इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म इंडियन 3 पर साथ काम कर रहे हैं।



# फैन्स ने जताई चिंता तो सुष्मिता सेन बोलीं; मैं ठीक हूं, मुझे दिल में रखिए, ट्रैवल को लेकर साझा किया यह सच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंटरनेट मीडिया पर अपनी जिंदगी की झलक दिखाना उन लोगों के लिए अब आम बात हो गई है, जो इस पर कुछ ज्यादा ही सक्रिय रहते हैं। कुछ खाया, कहीं घूमने गए, कोई अच्छी चीज खरीदी, उसकी तस्वीर खींचकर तुरंत वह इंटरनेट मीडिया पर साझा कर देते हैं। यह इसलिए बता रही हूं ताकि आप लोगों को यह न लगे कि मैं वहां पर हूं। मैं इस वक्त मुंबई में ही हूं। दरअसल यह मेरी आदत है। मैं जब कहीं ट्रैवल करती हूं तो उस दौरान कुछ भी पोस्ट नहीं करती हूं।उस जगह की जो भी तस्वीरें मैंने ली होती हैं उन यादों को मैं बाद में इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करती हूं। हालांकि यह सब करने में समय भी लगता है। यही वजह है कि अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने घूमने-फिरने की तस्वीरें देरी से पोस्ट करती हैं। इंस्टाग्राम लाइव के दौरान सुष्मिता ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही मैं पेरिस से लौटी हूं, जिसकी तस्वीरें मैं एक-एक करके पोस्ट करूंगी। यह इसलिए बता रही हूं, ताकि आप लोगों को यह न लगे कि मैं वहां पर हूं। मैं इस वक्त मुंबई में ही हूं। दरअसल, यह मेरी आदत है। मैं जब कहीं ट्रैवल करती हूं, तो उस दौरान कुछ भी पोस्ट नहीं करती हूं। उस जगह की जो भी तस्वीरें मैंने ली होती हैं, उन यादों को मैं बाद में इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करती हूं। इस लाइव के दौरान सुष्मिता से उनकी सेहत को लेकर भी प्रशसंकों ने सवाल किये। इस पर उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल ठीक हूं। अच्छी तरह से खा रही हूं। मुझे अपने दिल में रखिए। दिल रहने के लिए सबसे अच्छी जगह है। दिल को संभाल कर रखें। उल्लेखनीय है कि सुष्मिता को इस साल मार्च में हार्ट अटैक आया था, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद दी थी। आगे सुष्मिता ने अपनी वेब सीरीज आर्या 3 को लेकर कहा कि मुझे भी आर्या 3 का इंतजार है, इस बार यह और भी कमाल का बना है। इसमें बहुत मेहनत लगी है। इस साल यह शो रिलीज होगा।





# ट्रेंड हो रहीं ये फिल्में और वेब सीरीज, इस वीकेंड की वॉचलिस्ट में कर सकते हैं शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आज के दौर में हर किसी के पास ओटीटी प्लेटफार्म का सब्सक्रिप्शन होता है। घर पर हों या फिर बाहर, आप अपना मन बहलाने के लिए ओटीटी प्लेटफार्म का सहारा लेते हैं। पेश है अमेजन प्राइम वीडियो की टॉप 10 फिल्मों और वेब सीरीज की लिस्ट, जिन्हें आप वीकेंड वाचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल का डायरेक्शन नितेश तिवारी द्वारा किया गया है। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियावाला हैं। रिलीज के पहले हफ्ते में यह प्राइम वीडियो की सबसे अधिक देखी गयी फिल्म बन चुकी है। दूसरे स्थान पर निखिल सिद्धार्थ की स्पाइ आ गयी है। यह फिल्म गुरुवार को ही प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इसे हिंदी में भी देखा जा सकता है। द कॉवनेंट द कॉवनेंट एक एक्शन फिल्म है। इसे हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया है। फिल्म में जेक गेलेनहाल और डार सलीम मुख्य भूमिका में हैं। स्क्रीम 6 स्क्रीम म्ब्यू, अमेरिकी स्लेशर फिल्म है, जो मैट बेट्टिनेली-ओल्पिन और टायलर गिलेट द्वारा निर्देशित है और जेम्स वेंडरबिल्ट और गाइ बुसिक द्वारा लिखित है। फिल्म में आपको खूब सारा सस्पेंस देखने को मिलेगा।



# फिल्म बनाने को लेकर मेरा कोई नियम नहीं, लेकिन मुझे भूतिया फिल्मों से बहुत डर लगता है


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**सामाजिक और वास्तविक मुद्दों पर फिल्में बनाते आए निर्माता-निर्देशक अनुभव सिन्हा का कहना है कि मैं अपनी इच्छा के अनुसार फिल्में बनाता हूं। अनुभव की पिछली फिल्में फराज, भीड़, अफवाह का प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर खास नहीं रहा। उनकी इन फिल्मों, हॉरर और बॉयोपिक्स से दूरी समेत कई मुद्दों पर हुई बातचीत। हमारे यहां कॉमिक किताबों की परंपरा नहीं है। अमेरिका जापान और यूरोप में कॉमिक बुक्स की परंपरा है। एक बार मैं लदंन में था एक छोटी सी कॉमिक बुक्स की दुकान दिखी। मैं अंदर चला गया जब बाहर निकला तब तक डेढ़ घंटे बीत चुके थे इतनी कॉमिक्स अंदर रखी थीं। उनके यहां कॉमिक बुक्स और ग्राफिक नॉवेल पर इतना सारा काम होता है। बिल्कुल होता है। यह कला, बिजनेस से जुड़ी है। ऐसे में दबाव तो रहता ही है। हर इंडस्ट्री में ऐसा होता है, जिसका व्यवसाय अच्छा चल रहा होता है, बैंक उसके पीछे भाग रहे होते हैं कि हमसे लोग ले लो। पिछले तीन साल के बैलेंस शीट पर निर्भर करता है कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट क्या होगी, आपके तीन साल के क्रेडिट स्कोर पर निर्भर करता है कि बैंक आपके प्रोजेक्ट को फंड करेंगा या नहीं। यह तो पैसे का व्यवहार है। अगर ऐसा लगता है कि इंडस्ट्री किसी विवाद पर पक्ष-विपक्ष में बंट जाती है, तो फिर क्या इसका मतलब है कि इंडस्ट्री एक है। सच कहूं, तो यह मेरी जानकारी से बाहर है। मेरी फिल्मों को तो प्रोपगेंडा फिल्म कहा जाता है। खैर, मुझे दिक्कत नहीं। हर किसी की अपनी राय होती है। राय मुख्तलिफ होनी चाहिए। मुख्तलिफ राय से प्रगति होती है। सिर्फ एक राय तानाशाही कहलाती है। मैं हार और साइंस फिक्शन फिल्में भी नहीं बनाता हूं। मेरा कोई नियम नहीं है कि बॉयोपिक या हॉरर फिल्में नहीं बनाऊंगा। वैसे मुझे हॉरर फिल्मों से बहुत डर लगता है, ज्यादा देखता नहीं हूं, तो समझ में भी नहीं आती है। कोई भी फिल्मकार यह सोचकर फिल्में नहीं बनाता है कि यह बनाऊंगा, वो बनाऊंगा। फिल्म वह बनाई जाती है, जिसे बनाने का मन होता है। हमारे यहां कॉमिक किताबों की परंपरा नहीं है। अमेरिका, जापान और यूरोप में कॉमिक बुक्स की परंपरा है। एक बार मैं लदंन में था, एक छोटी सी कॉमिक बुक्स की दुकान दिखी। मैं अंदर चला गया, जब बाहर निकला, तब तक डेढ़ घंटे बीत चुके थे, इतनी कॉमिक्स अंदर रखी थीं। उनके यहां कॉमिक बुक्स और ग्रॉफिक नावेल पर इतना सारा काम होता है। यह उनकी संस्कृति का हिस्सा है। उनके यहां सुपरहीरो की पंरपरा है। हमारे यहां युवा जिस संस्कृति में बढ़ रहे हैं, ऐसे में आने वाले समय में हमारे यहां बहुत बड़ी सुपरहीरो फिल्में बनेंगी। अब जो बच्चे बड़े हो रहे हैं, वह उनकी कॉमिक बुक्स को पढ़कर बड़े हो रहे हैं। युवाओं के इस दौर में उनके अपने सुपरहीरो हैं। लेकिन दूसरे की संस्कृति से हम सुपरहीरो क्यों ढूंढ रहे हैं? क्योंकि वह इतनी अच्छी सुपरहीरो फिल्में बनाते हैं। हमने अब करना शुरू किया है। विदेश में सुपरमैन कब से बन रहा है। मुझए लगता था नहीं है कि एक-दूसरे की चीजों को अपनाने में कोई दिक्कत है। एक-दूसरे से सीखना चाहिए। शुन्य का कॉन्सेप्ट हमारा था, लेकिन उसे पूरी दुनिया ने अपनाया। मुझे लगता है कि हमारी एक की दुनिया हैं। इस पर लकीरें जितना कम कर दी जाएं, उतना अच्छा है। 5. बी पॉजिटिव एंथोलाजी फिल्म बना रहे हैं। वास्तविक जीवन में खुद कितने सकारात्मक रहते हैं? बी पॉजिटिव का हिंदी में यही अर्थ निकलता है कि सकारात्मक रहो। इंसान सकारात्मक तभी रह सकता है, जो उसके जीवन में सब ठीक हो। मैं पॉजिटिव रहने की कोशिश करता हूं। कई बार निराशा भी होती है। मांएं अपने बच्चों को सिखाती हैं न कि सब ठीक हो जाएगा। परीक्षा में नंबर कम आते हैं, तो गुरुजी भी दिलासा देते हैं कि सब ठीक होगा, अगली छमाही में नबंर अच्छे आएंगे। मैं भी ऐसे ही खुद को समझता हूं। जरूरी है कि पहले आप उस फ्रेम आफ माइंड में आएं कि मुझे नई शुरुआत करनी है। पहले ही निराश हो गए, तो शुरुआत नहीं कर पाएंगे। 6.आप बनारस से हैं, लेकिन विकिपीडिया (जानकारियां इकट्ठा करने वाली वेबसाइट) पर आपको बिहार से बताया गया है। मैं बिहार से नहीं हूं। मैं हमेशा यही कहता हूं कि विकिपीडिया लोग न पढ़ें। इंटरनेट से जितनी कम जानकारी लें, उतना अच्छा है। किताबें पढ़ें। मैं बनारस का हूं। मेरी पैदाइश इलाहाबाद की है। जवानी बनारस में बीती है। 11 साल की उम्र से मैं बनारस में रहता आया हूं। बनारस और अलीगढ़ इन दो शहरों ने मुझे मिलाकर बनाया है। अलीगढ़ में मेरी पढ़ाई हुई है। यह दो शहर, मेरे 20-25 दोस्त इनको मिलाकर देखें, तो वह मैं हूं। यही वजह है कि मैंने अपनी कंपनी का नाम बनारस मीडिया वर्क्स रखा है। मैं अपनी कंपनी के लिए नाम ढूंढ रहा था। मेरे एक बहुत अजीज अमेरिकन दोस्त हैं, उन्होंने ही यह नाम सुझाया था कि बनारस से हो, तो यही नाम रख लो।



# डायरेक्टर नाग अश्विन ने हनुमान जी को बताया भारतीय सुपरहीरो, अगले साल रिलीज होगी प्रभास की फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन स्टारर मूवी 'प्रोजेक्ट के' का फाइनल टाइटल अनाउंसमेंट के साथ इसका फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया था। अब इसे कल्कि 2898 एडी नाम दिया गया है। इस साइंस फिक्शन मूवी को नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है। सैन डियागो कॉमिकॉन में जारी किये गये टीजर से काफी हद तक फिल्म के प्लॉट का अंदाजा हो गया है। टीजर लॉन्च इवेंट के दौरान नाग अश्विन ने खुलासा किया कि फिल्म की तैयारी में चार साल और इसके फिल्मांकन में दो साल लगे। उन्होंने फिल्म को अलग बताया और कहा कि यह पौराणिक कथाओं और विज्ञान का मिश्रण है। वहीं, इस बीच उन्होंने हनुमान जी की तुलना हॉलीवुड सुपरहीरो से कर कहा कि जिस तरह वेस्ट के पास अपने सुपरहीरो हैं, उसी तरह भारत के पास भी अपने भगवान हैं। इसके बाद नाग अश्विन ने भारतीय सुपरहीरो की तुलना अमेरिकी सुपरहीरो से की। उन्होंने कहा, ''यहां अगर आपके पास सुपरमैन है, जो अंतरिक्ष में उड़ सकता है तो हमारे पास हनुमान हैं, जो सूरज को खा सकते हैं। अगर आपके पास थॉर या हल्क है, जो इमारत तोड़ सकता है तो हमारे पास हनुमान और कुम्भकर्ण हैं, जो पहाड़ उठा सकते हैं। मैं चाहता हूं कि दुनिया भारत से मिले।ठ फिल्म की पहली झलक में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और प्रभास को भविष्य की दुनिया में दिखाया गया है। तीनों योद्धा के तौर पर नजर आ रहे हैं। कल्कि 2898 एडी अगले साल यानी 2024 में रिलीज होने वाली है, जिसको भारत और दुनिया भर में तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में रिलीज किया जाएगा।





# आलिया भट्ट भी हुई एल्विश यादव और मनीषा रानी की फैन, एक्ट्रेस ने 'बिग बॉस' के रॉकी और रानी का दिया टैग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अब बड़ी ही तेजी से फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अगले महीने यानी अगस्त के मीड में शो का फिनाले होने जा रहा है। ऐसे में अब आए दिन घरवाले अपना गेम दिन-ब-दिन स्ट्रांग करते नजर आ रहे हैं। आम जनता से लेकर फिल्मी सितारे रहे हैं। हम बात कर रहे हैं रानी यानी आलिया भट्ट की। जी हां इन दिनों आलिया की बड़ी बहन पूजा भट्ट भी इस शो में नजर आ रही हैं, जिसके चलते लग रहा है कि आलिया भट्ट भी अपनी बहन का गेम काफी देख रही हैं। ऐसे में उन्हें घर के बाकी कंटेस्टेंट भी पसंद आ रहे हैं।आलिया पहुंची। वहीं उनसे किसी ने सवाल किया कि 'बिग बॉस' के घर में वो किन्हें रॉकी और रानी की तरह देखती हैं। इसपर आलिया ने उन्होंने कहा, 'एक तो मैं कहूंगी कि एल्विश मुझे बहुत रॉकी लगते हैं। जैसे वो बात करते हैं जो उनका अंदाज है, जैसे वो बोलता है वो बहुत एंटरटेनिंग है, वो बहुत फनी है, मुझे तो बहुत पसंद है तो एल्विश इस शो का रॉकी है और मनीषा रानी को हम रानी बना देते हैं क्योंकि उसके नाम में रानी भी है और मुझे लगता है कि उनकी जोड़ी काफी क्यूट लग सकती है।'वहीं आलिया ने अपनी बहन यानी पूजा को भी याद किया। उन्होंने कहा, मैं अपनी बहन पूजा भट्ट का भी नाम लेना चाहूंगी क्योंकि वो हमारी भट्ट फैमिली की रानी है। वो जैसी हैं, एक क्वीन की तरह हैं।





भी बिग बॉस ओटीटी 2 के दिवाने हो रहे हैं। हम बात कर रहे हैं रानी यानी आलिया भट्ट की। आलिया भट्ट भी अपनी बहन का गेम काफी देख रही हैं। ऐसे में उन्हें घर के बाकी कंटेस्टेंट भी पसंद आ रहे हैं। उन्हें एल्विश यादव और मनीषा रानी का नाम लिया। इस शो में यूट्यूबर्स से लेकर फिल्मी और कई टीवी स्टार्स भी शामिल है। ये शो लाखों-करोड़ों लोगों की पसंद बन चुका है। आम जनता से लेकर फिल्मी सितारे भी बिग बॉस ओटीटी 2 के दिवाने हो भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में है। जो कल यानी 28 जुलाई को रिलीज हो रही है। ऐसे में एक्ट्रेस अपनी फिल्म के रिलीज से ठीक एक दिन पहले भी फूल प्रमोशन में लगी हुई है। इस बीच उनका सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमे मनीषा रानी और एल्विश यादव को रॉकी और रानी का टैग देती हैं। चंडीगढ़ में आलिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का प्रमोशन करने

# जानें क्यों शाह रुख खान ने बदला था अपना नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के किंग खान यानी शाह रुख खान पर आज भी लाखों लड़कियां मरती हैं। एक्टर की फीमेल फैन्स काफी ज्यादा है, लेकिन वह सालों पहले अपना दिल गौरी खान पर हार बैठे थे। शाह रुख खान ने अपने प्यार यानी गौरी खान के लिए दिल्ली से मुंबई का सफर तय किया था। आज ये कपल बॉलीवुड का सबसे पावर कपल है लेकिन क्या आप जानते हैं कि गौरी से शादी के लिए शाहरुख को काफी संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने उनके लिए अपना नाम भी बदल लिया था।सभी जानता है कि इनका ये प्यार बचपन वाला है। कहते है गौरी के लिए शाह रुख खान ने दिल्ली से मुंबई का सफर तय किया था। आज ये कपल बॉलीवुड का सबसे पावर कपल है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि गौरी से शादी के लिए शाहरुख को काफी संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने उनके लिए अपना नाम भी बदल लिया था।जब शाह रुख खान ने गौरी के लिए बदला अपना नामअभिनेता ने अपने प्यार की खातिर वो सब किया जो एक सच्चा आशिक करता है। जी हां, उन्होंने गौरी के लिए अपना नाम तक बदल डाला था। जब वह शादी करने वाले थे तब उन्होंने अपना नाम जीतेंद्र कुमार तुली रख लिया था। अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा नहीं हो सकता और अगर हुआ भी तो शाह रुख ने ऐसा क्यों किया। आपको बता दें, इस नाम को रखने की वजह भी बेहद खास थी।दरअसल, गौरी के साथ अपनी हिंदू शादी के लिए जवान अभिनेता को अपना नाम बदलना पड़ा था। जब वह हिंदू रीति-रिवाजों और परंपरा में गौरी के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले थे, तो किंग खान ने अपना मुस्लिम नाम शाह रुख खान बदलकर 'जीतेंद्र कुमार तुल्ली' रखा था। मुश्ताक शेक की किताब के अनुसार शाहरुख ने दोनों सितारों को ट्रिब्यूट देने के लिए यह नाम रखा था।बता दें, सिर्फ शाहरुख ही नहीं, बल्कि उनकी पत्नी गौरी को भी अपने निकाह समारोह के लिए अपना नाम बदला था। किताब के मुताबिक, शाहरुख से निकाह के लिए उन्होंने अपना नाम गौरी से बदलकर आयशा रख लिया था। यह भी बहुत कम लोग जानते हैं कि इस कपल ने कोर्ट मैरिज भी की थी।



# कुछ लोगों ने गदर को गटर भी कहा था, अमीषा पटेल ने शेयर किया फिल्म का खट्टा-मिट्ठा एक्सपीरियंस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**फिल्मों की कहानियों की तरह सिनेमा के कलाकारों और निर्माताओं के बीच भी अक्सर रिश्तों के अलग-अलग पहलू दिखते हैं। कुछ दिनों पहले ही अभिनेत्री अमीषा पटेल ने फिल्म गदर 2 के निर्देशक और निर्माता अनिल शर्मा के प्रोडक्शन हाउस पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। फिल्मों की कहानियों की तरह सिनेमा के कलाकारों और निर्माताओं के बीच भी अक्सर रिश्तों के अलग-अलग पहलू दिखते हैं। कुछ दिनों पहले ही अभिनेत्री अमीषा पटेल ने फिल्म गदर 2 के निर्देशक और निर्माता अनिल शर्मा के प्रोडक्शन हाउस पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। उन्होंने ट्वीट करके कहा था फिल्म में काम करने वाले कई मेकअप आर्टिस्ट और कास्ट्यूम डिजाइनर्स को उनका मेहनताना नहीं चुकाया गया।उन्होंने ट्वीट करके कहा था फिल्म में काम करने वाले कई मेकअप आर्टिस्ट और कास्ट्यूम डिजाइनर्स को उनका मेहनताना नहीं चुकाया गया। उसके बाद बुधवार की रात मुंबई में फिल्म गदर 2 के ट्रेलर लांच के दौरान अमीषा जब मीडिया के सामने आई तो उन्होंने अनिल शर्मा के साथ अपना रिश्ता पिता-पुत्री का बताया। उन्होंने कहा, 'हमारे बीच में पिता पुत्री का रिश्ता है। हम बहुत लड़ते हैं। बस ये मुझे नाराज करते रहते हैं और मैं उनसे लड़ती रहती हूं।मैं उनको इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर ब्लाक करती रहती हूं।' वहीं गदर 2 को लेकर अमीषा ने कहा, 'अनिल जी ने मुझे जब पहली गदर (गदरः एक प्रेम कथा) की कहानी सुनाई थी, तब बहुत से लोगों ने कहा था कि आप ये रोल कैसे और क्यों करेंगी? आप तो मां की भूमिका निभा ही नहीं सकती हैं। फिर मैंने इसे एक चुनौती की तरह स्वीकार किया। फिल्म मेरे लिए मुश्किल थी, लेकिन मेरे निर्देशक अनिल जी धैर्यपूर्वक मेरे साथ डायलाग और लुक्स समेत हर चीज पर बैठते थे।कुछ लोगों ने गदर के आने के पहले गदर को गटर (नाली) कहा था। यह बात मेरे दिल को बहुत ज्यादा छू गई थी। गदर 2 के लिए भी मेरे सामने ऐसा ही सवाल था कि लेजी लम्हें.. (अमीषा पर फिल्माया एक बोल्ड गाना) की लड़की एक बीस साल से ज्यादा उम्र के लड़के की मां की भूमिका कैसे निभाएगी लेकिन मैंने फिर से तय किया कि मुझे यह करना ही है।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।